## एक नजर

### पांच साल की बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया

**चित्रकूट।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत चौकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने पांच साल की बच्ची को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया। 28 फरवरी को चौकी प्रभारी हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर थे। इसी दौरान उनको यह पांच वर्षीया बच्ची प्रियंका दिखी। पुलिस ने बच्ची के माता-पिता के संबंध में पता किया तो जानकारी हुई कि यह बूढ़ा सेमरवार निवासी लवलेश प्रजापति की पुत्री है, जो खेलते-खेलते घर से भटक गई है। इस पर चौकी प्रभारी ने बच्ची के पिता से संपर्क कर चौकी बुलाया और बच्ची को सकुशल सौंप दिया। पुलिस टीम में आरक्षी शैलेंद्र सिंह और प्रमोद कुमार शामिल रहे।

### शहर के छह स्थानों पर लगाए सीसीटीवी

**चित्रकूट।** शहर के चहलपहल वाले चौराहों-तिराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यह जानकारी यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने दी। बताया कि पटेल तिराहा, एलआईसी तिराहा, चकरेही चौराहा, ट्रैफिक चौराहा और गल्ला मंडी सहित छह जगहों पर 24 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आशा जताई कि इससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और आपराधिक घटनाओं में रोक लगेगी।

### किसानों के सपने पूरा कर रही सरकार : कामेश्वर

**चित्रकूट।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह का कहना है कि किसानों के सपनों को भाजपा की डबल इंजन सरकारें पूरा कर रही हैं। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर भाजपा की जीत का दायरा बढा रहे हैं। दावा किया कि केंद्र सरकार की योजनाओं से हर बूथ में भाजपा का जनाधार बढ़ा है। डबल इंजन सरकार किसानो के कल्याण के लिए संकल्पित है। गन्ना किसानों से खरीद का 99 फीसदी भुगतान किया है। नीम कोटेड यूरिया, किसान सम्मान निधि, मोटे अनाज पर एमएसपी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ऐतिहासिक स्तर पर खरीद आदि सरकार की किसानों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट करते हैं। प्रेस वार्ता में प्रदेश मंत्री ब्रजनंदन सिंह, जिला प्रभारी किसान मोर्चा आलोक पांडेय, राजीव त्रिपाठी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा आभेष मिश्रा, अनूप त्रिपाठी, निर्मलेंद्र पांडेय, सुधीर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# लोक अदालत में निस्तारित हों ज्यादा से ज्यादा वाद

संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट विकास कुमार प्रथम ने गुरुवार को नौ मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी ढंग से आयोजित कराने का निर्देश न्यायिक अधिकारियों को दिया। जिला जज ने बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिह्नित वादों की समीक्षा की और अधिक संख्या में वादों का निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।

बैठक में राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, दीपनारायण तिवारी नोडल अधिकारी लो. अ./विशेष सत्र न्यायाधीश एससी एसटी, विनीत नारायण पांडेय विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज, सुशील कुमार वर्मा प्रभारी सचिव/अपर जिला जज, संजय कुमार अपर जिला जज त्वरित न्यायालय, सूर्यकांत धर दुबे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विदुषी मेहा सिविल जज (सी.डि.), सोनम गुप्ता सिविल जज (सी.डि.) एफटीसी, सैफाली यादव सिविल जज (जू. डि.), अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, खुशबू चंद्रा न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय एवं एस आनंद न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय मौजूद रहे।

# सच्चे मन से कथा सुनने से होता है कल्याण : नवलेश

संवाददाता, चित्रकूट

▸▸ तरौंहा में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**अमृत विचार।** तरौंहा में गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इसके पूर्व गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। भागवताचार्य ने भागवत कथा का महात्म्य विस्तार से श्रोताओं को बताया। उन्होंने कहा कि कथा सच्चे मन से सुनने से परिवार का कल्याण होता है।

जिला मुख्यालय के तरौंहा में भारद्वाज परिवार के आयोजकत्व में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद मंदाकिनी नदी तट पर पूजा अर्चना के बाद यात्रा कथास्थल पहुंची। यहां भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य नवलेश दीक्षित ने व्यासपीठ की विधिवत पूजा की। उन्होंने श्रद्धालुओं को भागवत कथा की महिमा बताई। भक्ति ज्ञान की चर्चा करते हुए गोकरण की कथा का रसपान कराया। बताया कि भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की निर्झर, निर्मल बहती हुई गंगा है। इसे सुनने से पापों से मुक्ति मिलती है।

कथा आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान राकेश भारद्वाज और धर्मपत्नी कामिनी के साथ बिंदा प्रसाद, अनिल भारद्वाज, दीपक भारद्वाज, प्रकाश, शंकरदयाल पयासी, राज नारायण गर्ग, माघेंद्र प्रसाद द्विवेदी, सुधीर द्विवेदी, रज्जू पयासी, सौरभ पयासी, नर्बदा पयासी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



कथा के पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

# डिफेंस कॉरिडोर में पेयजल सुविधा के लिए दें प्रस्ताव : सिंह

## कार्यपालक अधिकारी यूपीडा ने बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) मनोज कुमार सिंह ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि वह डिफेंस कॉरिडोर में पेयजल सुविधा के लिए प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराएं।

बीते दिन कार्यपालक अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के विस्तारीकरण एवं डिफेंस कॉरिडोर में पेयजल आदि सुविधाओं के संबंध में बैठक की। उन्होंने एक्सईएन को निर्देशित किया कि कॉरिडोर में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जानी है। इसके लिए एक सप्ताह के अंदर डब्ल्यू टीपी, इंटेकवेल, पाइप लाइन बिछाने आदि कामों का प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराएं। उन्होंने एक्सईएन सिंचाई को भी कार्य संबंधी निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी राजापुर से कहा कि डब्ल्यूटीपी के लिए जगह चिह्नित करके उपलब्ध कराएं। उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के विस्तारीकरण के संबंध में अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी की। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा हरीप्रताप शाही, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, विशेष कार्याधिकारी भू अर्जन चुनकू राम पटेल आदि मौजूद रहे।



डिफेंस कॉरिडोर जीरो प्वाइंट में मुआयना करते कार्यपालक अधिकारी, साथ में डीएम और अन्य अफसर। अमृत विचार

### अधिकारियों के सामने सांसद को भी घेरा

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे भरतकूप के पास जीरो प्वॉइंट भी पहुंचे। उनके साथ डीएम सहित अन्य अधिकारी और सांसद आरके सिंह पटेल भी थे। मनोज कुमार सिंह ने डीएम एवं यूपीडा के अधिकारियों से वहां निर्माण कार्य की जानकारी ली। इस दौरान एक्सप्रेसवे से हवाई पट्टी को जोड़ने वाले लिंक रोड को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को देखकर अकबरपुर ब और गोंडा आदि के आदिवासी और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। उल्लेखनीय है कि लिंक रोड के प्रस्तावों को लेकर ग्रामीणों में जमकर असंतोष है। इनका कहना है कि पहले प्रस्ताव में जहां लिंक रोड क्रशरों से होकर जाना था, वहीं उद्योगपतियों के दबाव में अब इसे आदिवासी बस्ती से होकर ले जाने की बात कही जा रही है। इससे उनके रोजी रोजगार छिन जाएंगे और घर उजड़ जाएंगे। वे कई बार इस संबंध में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को ज्ञापन भी दे चुके हैं। ग्रामीणों ने सांसद पर उनकी समस्याओं की उपेक्षा करने का आरोप लगा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि आप व्यापारियों को देखने के लिए आ गए पर पब्लिक को देखने के लिए नहीं आए। इस पर एक ग्रामीण, जो ज्यादा प्रतिवाद कर रहा था, से सांसद ने कहा, मैं सबका द्याखत हूं, मोहीं नेतागिरी न सिखाव। जा बाहिर। हालांकि सांसद और अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनके हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी।

### सांसद के रुख को लेकर गलतफहमी : सांसद प्रतिनिधि

इस संबंध में सांसद के प्रतिनिधि शक्तिप्रताप तोमर ने बताया कि ग्रामीणों के मन में सांसद के रुख को लेकर गलत धारणा है। असल में इन दोनों प्रस्तावों के पूर्व एक और प्रस्ताव था, जिस पर सांसद की सहमति थी। उन्होंने बताया कि इसके अनुसार, लिंक रोड पुरवा तरौंहा, तरांव और टिटिहरा होते हुए जानी थी। इसमें घरों और उद्योगों के उजड़ने की आशंका नहीं थी। यह राम वनगमन पथ के फोरलेन से जुड़ते हुए चंद्रगहना तक जाती। इसको यूपीडा के अभियंताओं ने महज इसलिए नकार दिया कि इसमें रेलवे ओवरब्रिज बनाना पड़ता। शक्ति ने बताया कि सांसद न तो उद्योगनगरी को उजाड़ना चाहते हैं और न चाहते हैं कि गरीब ग्रामीणों का घर टूटे। क्रशर उद्योग को नुकसान पहुंचा तो जिले का राजस्व प्रभावित होगा। उन्होंने दावा किया कि सांसद के प्रस्ताव और मंशा को लेकर ग्रामीणों में गलतफहमी है।

### ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

इस दौरान ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी को अधिकारी को ज्ञापन भी दिया। इसमें उमेश सचान, प्रदीप कुमार, धनीराम, लवलेश कुमार आदि ने बताया कि पहले लिंक रोड गोंडा और रामपुर माफी (भारतपुर) होते हुए देवांगना हवाई पट्टी तक प्रस्तावित थी। इस मार्ग पर आबादी नहीं पड़ती थी। उद्योगपतियों, क्रशर मिल मालिकों और प्रभावशाली व्यक्ति अपने रसूख के बल पर स्टोन मिल बचाने के लिए स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनाकर इसे अकबरपुर ब के मजरे जो भरतकूप की घनी आबादी में है, के मध्य से ले जाने का प्रस्ताव बना रहे हैं। इससे 150 कोल आदिवासियों की कालोनियां, अनुसूचित जाति के लगभग 100 घर और छोटे व्यापारियों के घर-दुकानें उजड़ेंगी।

# नगर को साफ रखने में सभी का सहयोग जरूरी : नरेंद्र

संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** नगर पालिका के वार्ड नंबर तीन एसडीएम कॉलोनी से गुरुवार को विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत हुई। शासन द्वारा नियुक्त स्वच्छता योद्धा/ पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने इस दौरान नालियों व गलियों की सफाई कराई। अपील की कि सरकार धार्मिक नगरी को अयोध्या की तर्ज पर विकसित करने के लिए संकल्पित है। अभियान नगर के सभी 25 वार्डों में निरंतर चलता रहेगा।

अधिशासी अधिकारी लालजी ने कहा कि स्वच्छ चित्रकूट सुंदर चित्रकूट बनाने के लिए नगर पालिका हमेशा काम कर रही है। नगर की जन सुविधा हेतु 1533 टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराकर समस्याओं का निस्तारण कर सकते हैं। इसके लिए पालिका तत्पर है। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, सभासद नीतू चंद्रप्रकाश, शंकर प्रसाद यादव आदि के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# 225 जोड़ों ने रखा दांपत्य जीवन में कदम



समारोह में मौजूद नवदंपति। अमृत विचार

▸▸ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजन

**चित्रकूट, अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को रामायण मेला परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 225 जोड़ों ने दांपत्य जीवन में एक साथ पहला कदम रखा।

समारोह की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह, ब्लॉक प्रमुख कर्वी एवम् एडीएम नमामि गंगे ने गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। सभी ने 225 नवदंपतियों को दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। इनमें 20 युगल बौद्ध धर्म के हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने पौधे भेंट कर सभी का आभार व्यक्त किया। वैवाहिक कार्यक्रम को गायत्री शक्तिपीठ के संचालक प्रमुख आचार्य रामनारायण त्रिपाठी एवं सह आचार्यों ने संपन्न कराया। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा, उपायुक्त एनआरएलएम, जिला अर्थ एवम् संख्याधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# सरकार ने बढ़ाया अग्निशमन केंद्रों का बजट : अविनाश

राजापुर, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजापुर, मानिकपुर और मऊ में अग्निशमन केंद्रों में नवनिर्मित आवासीय भवनों का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र आजादनगर में अग्निशमन केंद्र में कार्यक्रम हुआ। इसमें विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने आते ही प्रदेश में अग्निशमन केंद्रों के लिए बजट बढ़ाया है।

विधायक ने बताया कि अग्निशमन केंद्र राजापुर में 26 आवासीय भवनों का निर्माण हुआ है। बताया कि मुख्यमंत्री ने राजापुर, मानिकपुर और मऊ तहसीलों में बने अग्निशमन केंद्रों के आवासीय भवनों का लोकार्पण किया है। विधायक ने तीन शिलापटों का अनावरण भी किया। इस अवसर पर एसपी अरुण कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता शिवशंकर सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी उमेश गौतम, तहसीलदार फूलचंद्र यादव, सीओ निष्ठा उपाध्याय, राजकमल, ईओ बीएन कुशवाहा, एसओ राजापुर मनोज सिंह, सरधुआ आशुतोष तिवारी, प्रभारी अग्निशमन केंद्र श्याम सुंदर त्रिपाठी, सतीश चंद्र मौर्य, पवन कुमार त्यागी, अमित पांडेय, जय सिंह, केशव आदि मौजूद रहे।

### अग्निशमन केंद्र बढ़ने से दिक्कतें हुईं कम

उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने कहा कि जिलों की प्रत्येक तहसील में अग्निशमन केंद्रों की स्थापना होने से घटनास्थल की दूरी कम हो गई है और इससे जन, धन की सुरक्षा हो रही है। सरकार ने बहुमंजली इमारतों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अग्निशमन केंद्रों को आधुनिक मशीनें दी हैं।

## सार-संक्षेप

### सपा के युवा नेताओं का किया स्वागत



नेताओं का स्वागत करते युवा। अमृत विचार

**मऊ (चित्रकूट)।** समाजवादी पार्टी के लोहियावाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश गुप्ता उर्फ गुड्डू एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व उपाध्यक्ष युवा समाजवादी नेता अदील हमजा का गुरुवार को नगर पहुंचने पर स्वागत किया गया। दोनों नेताओं ने लोगों का इस सम्मान के लिए आभार जताया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का काम करें। समारोह के आयोजक लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता अजय राज त्रिपाठी ने कहा कि अखिलेश गुप्ता उर्फ गुड्डू के लोहियावाहिनी का राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद नगर पंचायत में प्रथम आगमन है। इस दौरान शारदा अग्रहरि, समाजसेवी विष्णु देव त्रिपाठी, युवा कांग्रेस के मऊ मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अजय द्विवेदी, शिक्षक नेता आनंद राज त्रिपाठी, विवेक यादव टाइगर, रोहित यादव, अजीत, मुलायम यादव, आशुतोष यादव, गुड्डू, आजम, ज्ञानेंद्र आदि मौजूद रहे।

### तीर्थक्षेत्र में नाबालिग से छेड़छाड़, दो आरोपियों पर रिपोर्ट

**चित्रकूट, अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री 22 फरवरी की शाम को अपने आठ साल के भाई के साथ दुकान से घर जा रही थी। रास्ते में नितिन पटेल पुत्र हरिश्चंद्र और दिलीप पटेल पुत्र लोटन ने उसको बाइक पर बैठा लिया और नितिन ने उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की बाद में उसे रात में करीब एक बजे छोड़ दिया। उसका आरोप है कि उसकी बेटी के साथ मारपीट भी की गई। लोकलज्जा के डर से वह पहले सूचना देने नहीं आया। इस संबंध में संबंधित चौकी के एसओ ने बताया कि आरोपियों नितिन और दिलीप पटेल के खिलाफ भा.दं.सं. की धाराओं 354,323 और पाक्सो के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़िता का कोर्ट के समक्ष बयान होने के बाद जो भी आदेश होगा, उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि आरोपियों और उसके परिजनों द्वारा उसको परेशान किया जा रहा है। सुलह समझौते के लिए कुछ लोग धन का लालच दे रहे हैं। जब उससे पूछा गया कि पहले तुमने दूसरी तहरीर दी और अब दुराचार का आरोप लगा रहे हो तो उसका कहना था कि पहले उसने लोकलाज के डर से मामले पर ज्यादा जोर नहीं दिया पर जब उस पर दबाव पड़ने लगा, परेशान किया जाने लगा तो उसे तहरीर बदलनी पड़ी।

### दो पुलिसकर्मियों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को विदाई देते एसपी। अमृत विचार

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में गुरुवार को दो पुलिसकर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने उपनिरीक्षक मुन्नीलाल एवं मुख्य आरक्षी प्रभुदयाल को प्रशस्तिपत्र एवं उपहार दिए।

उपेक्षा | सांसद के पत्र के बाद भी विभाग ने नहीं भेजी कार्ययोजना

# पर्यटन विभाग की उपेक्षा से बदहाल है बांकेसिद्ध तीर्थस्थल

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** देवांगना एयरपोर्ट के सबसे नजदीकी तीर्थस्थल बांकेसिद्ध की पर्यटन विभाग द्वारा घोर उपेक्षा की जा रही है। यह आरोप बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने लगाया है। अजीत का कहना है कि उनके आग्रह पर सांसद ने अपेक्षित विकास के लिए विभाग को पत्र भी भेजा लेकिन अबतक कार्ययोजना नहीं भेजी गई।

अजीत ने बताया कि प्रदेश सरकार के पर्यटन विकास को लेकर गंभीरता दिखाने के बाद भी पर्यटन विभाग सुस्ती दिखा रहा है। बताया कि बुंदेली सेना के अनुरोध पर सांसद आरके सिंह पटेल ने बांकेसिद्ध के विकास को लेकर महीनों पहले पत्र लिखा था। पर्यटन विभाग ने वन विभाग को पत्र भेज देने की बात कहकर इतिश्री कर ली। जबकि सांसद ने यह भी कहा था कि विभाग ने कार्ययोजना बनाकर जैसे ही शासन में भेजी, वह पर्यटन मंत्री से वार्ता करके विकास कराएंगे। अजीत ने रोष जताया कि आज तक विभाग ने न तो कोई कार्ययोजना बनाई और न पर्यटन अधिकारी ने बांकेसिद्ध स्थल का मौका मुआयना ही किया। अजीत ने कहा कि जबकि बांकेसिद्ध पंचकोसी और चौदह कोसी परिक्रमा के मार्ग पर है। लोक निर्माण विभाग पर भी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि सिद्धपुर गांव से बांकेसिद्ध के पहले तक डामरीकरण से सड़क बनाई गई है। लगभग तीन सौ मीटर सड़क अधूरी है। विभाग कभी बजट का रोना रो रहा है तो कभी अन्य समस्याएं बताकर पल्ला झाड़ रहा है। बताया कि बुंदेली सेना ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से मामले की शिकायत की है और बांकेसिद्ध धार्मिक स्थल का पर्यटन विकास कराने और सड़क पूरी कराने की मांग की है।

### जब कई संत दर्शन के लिए नहीं गए

अजीत ने बताया कि मान्यता है कि जब प्रभु राम चित्रकूट आए तो बहुत से साधु-संत उनके दर्शनों को गए। पहाड़ों में तप कर रहे कई संतों ने कहा कि वे तपस्या कर रहे हैं और अगर प्रभु को दर्शन देना होगा तो वह स्वयं आएंगे। इस पर प्रभु ने उनको भी दर्शन दिए। सिद्धपुर की पहाड़ी के पास भी एक गुफा है, जहां मान्यता है कि संतों ने तपस्या की थी। इसलिए इसका नाम भी बांकेसिद्ध पड़ा। यहां गुफा में संत की प्रतिमा है।



पहाड़ में स्थित है बांकेसिद्ध तीर्थस्थल।



यह है बांकेसिद्ध धार्मिक स्थल का अधबना मार्ग। अमृत विचार

## एक नजर

### मार्ग के चौड़ीकरण को 1096.1 लाख स्वीकृत

**बांदा** : जनपद में लोक निर्माण विभाग द्वारा बबेरू-तिंदवारी, सुमेरपुर मार्ग संख्या-134 के किलोमीटर संख्या-12 से मौनी बाबा आश्रम होते हुए जमुआ तक कुल लंबाई 5.500 किलोमीटर एवं चौड़ाई 5.50 मीटर से बढ़ाकर 7.00 मीटर मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य कार्य के लिए शासन ने 1096.1 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। सरकार के इस निर्णय से जिससे आसपास के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से सिमौनीधाम में प्रतिवर्ष लगने वाले मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी। अभी रोड सकरी होने के कारण आवागमन बेहतर नहीं है। रोड चौड़ी होने के बाद यहां से सीधी बस सेवा भी सुलभ हो सकेगी।

### डंपर की टक्कर से महिला कांस्टेबिल घायल

**बांदा** : तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी से जा रही महिला कांस्टेबिल को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे डंपर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल महिला कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देहात कोतवाली में तैनात महिला कांस्टेबल सुमन (33) गुरुवार की दोपहर स्कूटी से कहीं जा रही थी। जैसे ही वह थाने से बाहर निकली पीछे से आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया और महिला कांस्टेबिल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो युवतियों ने खाया जहरीला पदार्थ

**बांदा** : देहात कोतवाली क्षेत्र के लामा गांव निवासी अनीसा (23) पत्नी शिवसागर ने बुधवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को जानकारी हुई। इसी तरह शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ोखर खुर्द गांव निवासी रामसखी (30) पत्नी सुरेश ने बुधवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### चोरी की चार बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**बांदा** । जिले समेत आसपास के जनपदों में बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए शहर कोतवाली पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी की चार बाइक बरामद हुईं हैं। अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के डिग्गी चौराहा स्थित चौरसिया पेट्रोल पंप के सामने से चोरों ने एक सप्ताह पहले बाइक चोरी की घटना अंजाम दिया था।

# किसानों ने फसलें तबाह होने पर मांगा सरकार से मुआवजा

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पैलानी के एसडीएम को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से जसपुरा क्षेत्र में रबी की फसलों का भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। गुरुवार को क्षेत्र के तकरीबन आधा दर्जन गांवों से किसानों ने पैलानी तहसील पहुंचकर प्रशासन से नुकसान की भरपाई के लिए जल्द सर्वे कराकर मुआवजा दिए जाने की मांग की। इस संबंध में किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को सौंपा।

बुंदेलखंड में एक माह के भीतर तीन बार बारिश और ओलावृष्टि होने से जसपुरा क्षेत्र के ग्राम तनगामऊ, कानाखेड़ा, नरौली, सोनामऊ, चंदवारा, गौरी खुर्द आदि गांवों में सरसों, चना, गेहूं, अरहर और मटर की फसल चौपट हो गई। कुछ किसानों का तो इतना अधिक नुकसान हुआ है कि इस बार वे साल भर की मेहनत के बदले खेतों से अपने घर एक दाना भी नहीं ले जा सकेंगे। नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर गुरुवार को किसानों ने तबाही की दास्तां बयां करते हुए पैलानी तहसील पहुंचकर मुख्यंमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को सौंपा। किसानों ने बताया कि बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से अधिकांश किसानों की 70 से 80 फीसद फसल चौपट हो गई है। जिसकी वजह से किसान इस बात को लेकर सदमे में हैं कि इस परिस्थिति में आखिर उनके परिवार का भरण-पोषण कैसे होगा। उप जिलाधिकारी ने कहा उन्होंने फसल नुकसान की रिपोर्ट उन्होंने शासन को भेज दी है। बहुत जल्द लेखपाल गांव-गांव जाकर सर्वे करेंगे और जिन किसानों का बारिश व ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है उनकी भरपाई की जाएगी। इस अवसर पर सोनामऊ के किसान पूर्व प्रधान उमाकांत मिश्रा, संतोष शुक्ला, तनमामऊ के ब्रजराज सिंह कछवाह, गौरीखुर्द के जयविजय सिंह, चंदवारा के सिद्धू सिंह, नरौली के कुलदीप परिहार, कानाखेड़ा के बलबीर सिंह नेताजी, पुल निर्माण संघर्ष समिति समन्वयक पुष्पेन्द्र सिंह चुनाले, गागासरन सिंह, विकास सिंह, रामप्रसाद सिंह, सुभाष सिंह राम सिंह, शिवदत्त तिवारी, अंकुर सिंह शिवअवतार सिंह समेत आदि दो दर्जन से भी ज्यादा किसान भाई मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रीय किसान। अमृत विचार

### सड़क निर्माण का दिया आश्वासन

**बांदा :** मुख्य विकास अधिकारी ने नरैनी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत के मजरा बीरमपुर के ग्रामीणों से मुलाकात कर मांगों के बाबत जानकारी ली। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी के आरोप लगाए। सीडीओ ने ग्रामीणों को शीघ्र पक्की सड़क निर्माण का भरोसा दिलाया।

नरैनी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत संग्रामपुर के मजरा बीरमपुर के कुछ ग्रामीणों ने पक्के सड़क मार्ग से जोड़ने की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार करने की घोषणा करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। गुरुवार को सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत करते हुए भ्रमण किया। समस्याओं की जानकारी ली।

ग्रामीणों ने सचिव और प्रधान के प्रति गहरा आक्रोश जताया। बताया कि गांव को जोड़ने वाला दो किलोमीटर का मार्ग कच्चा है। इस मार्ग को पक्का डामर रोड बनाने की मांग की जा रही है। पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने स्वीकृति नहीं दी। लगभग 1.60 करोड़ रुपए का अनुमानित व्यय का आकंलन किया गया था। इस मजरे को जोड़ने के लिए पीडब्ल्यूडी प्राथमिकता पर नहीं रखे हैं। सीडीओ ने ग्रामीणों को शीघ्र पक्की सड़क निर्माण का भरोसा दिलाया।

# दुष्कर्म के आरोपी को 25 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, बांदा



- 20 मई 2019 की घटना में सजा, कोर्ट ने 60 हजार का अर्थदंड भी दिया

**अमृत विचार:** प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को न्यायालय से 25 वर्ष के कठोर कारावास व 60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में विभिन्न अपराधों में अभियुक्तों को प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय द्वारा कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने के क्रम में गुरुवार को नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 25 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित कराया गया। गौरतलब हो कि अभियुक्त जावेद उर्फ राहुल पुत्र उस्मान निवासी मोहल्ला खुटला ने 20 मई 2019 को थाना अतर्रा क्षेत्र में टेम्पो से बुखार की दवा लेने गई नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया था। फोन पर पीड़िता के परिवारीजनों को गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की मां की तहरीर पर थाना अतर्रा में धारा 363/504/506 आईपीसी पंजीकृत किया गया था। 23 जून 2019 को पीड़िता को बरामद कर मेडिकल परीक्षण व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराया गया था। मेडिकल परीक्षण व बयान के बाद धारा 376/366 आईपीसी व धारा 4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई थी। प्रकरण की विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र तिवारी द्वारा सम्पादित करते हुए साक्ष्यों का प्रभावी संकलन कर न्यायालय में 29 अगस्त 2019 को आरोप पत्र दाखिल किया गया था। लोक अभियोजक सुनील कुमार गुप्ता की प्रभावी पैरवी एवं कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल निर्मला व पैरोकार कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह के अथक प्रयासों से अभियुक्त जावेद उर्फ राहुल पुत्र उस्मान उपरोक्त को न्यायालय एएसजे द्वारा 25 वर्ष के कठोर कारावास व 60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

### विज्ञान दिवस पर याद किए गए सर सीवी रमन

**बांदा :** प्रख्यात वैज्ञानिक सर सीवी रमन की स्मृति में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर केसीएनआईटी की संस्थान इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) सेल द्वारा विज्ञान गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें विज्ञान की उपयोगिता पर चर्चा के साथ छात्र-छात्राओं से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया गया।

प्रख्यात वैज्ञानिक सर सीवी रमन की स्मृति में 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस अवसर पर केसीएनआईटी संस्थान के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) सेल द्वारा आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल के निदेशक पूणार्शीष रथ ने मानव जीवन में विज्ञान की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। केसीएनआईटी ग्रुप के निदेशक प्रो.अजीत सिंह द्वारा विज्ञान दिवस के अवसर पर सर सीवी रमन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डा.प्रशांत द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं से देश के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी को साझा किया गया।

# चालक को पीटकर नकदी और ई-रिक्शा लूट ले गए

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बबेरू बाईपास के समीप हुई घटना

**अमृत विचार:** दो दिन पहले मटौंध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी चौराहे के पास चालक को बंधक बनाकर मार पीटकर जख्मी कर नकदी लूटने के साथ ही ई-रिक्शा छीन ले गए थे। ताजी घटना में बुधवार की रात बबेरू बाईपास चौराहे के पास तीन लोगों ने चालक को बंधक बनाकर मारापीटा और उसकी जेब में पड़ी नकदी लूटने के बाद ई-रिक्शा छीन कर वहां से फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गिरवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव निवासी शरीफ (28) पुत्र रज्जन ई-रिक्शा चलाता है। बुधवार की रात दो लोग ई-रिक्शा में सवार हुए और बबेरू बाईपास ले गए। एक युवक वहां पहले से ही बाइक लिए खड़ा हुआ था। तीनों लोगों ने साफी से हाथ-पैर बांध दिए और जमकर पिटाई की। उसकी जेब में पड़ी नकदी लूट ली। शरीफ को सड़क किनारे अचेत अवस्था फेंककर वह लोग उसका ई-रिक्शा लेकर फरार हो गए। होश आने पर वहां से गुजर रहे राहगीरों को पुकारा। राहगीरों ने उसे वहां से उठाकर किसी तरह से जिला अस्पताल पहुंचया। सूचना पाकर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। इसके पहले शहर कोतवाली क्षेत्र के कहला गांव निवासी रामसेवक पुत्र बड़कूराम को त्रिवेणी चौराहा के पास चार लोगों ने बंधक बनाकर मारपीट की थी और उसका भी ई-रिक्शा छीनकर ले गए थे। सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन अभी तक उस घटना का भी खुलासा नहीं हुआ।

# समय से बुवाई तो पांच क्विंटल प्रति हेक्टेयर अधिक फसल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के सभी 89 कृषि विज्ञान केन्द्र की तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन दलहन एंव तिलहन की विगत वर्ष का प्रतिवेदन एवं आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विशेष चर्चा परिचर्चा हुई। फसलों में विविधता लाने के लिए इन फसलों की अन्तःवर्तीय खेती में समायोजित करने का सुझाव दिया गया।

कार्यशाला के समापन समारोह में कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र प्रताप सिंह ने दहलनी एवं तिलहनी फसलों की उत्पाकता के लिए किये गये वैज्ञानिक मंथन की सराहना की। वैज्ञानिकों के सुझाव अनुसार दहलनी एवं तिलहन फसलों के कुल उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि परिस्थितियों व उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप समेकित फसल प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फसलों में विविधता लाने के उद्देश्य से हमें इन फसलों की अन्तःवर्तीय खेती में समायोजित करना चाहिए। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों से आवाह्न करते हुए उन्होंने कहा कि दलहनी एवं तिलहनी फसलों की समय से बुवाई बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऐसा न करने पर प्रति सप्ताह लगभग पांच कुन्टल प्रति हेक्टेयर उत्पादन में कमी का अनुमान लगाया गया है। दलहनी फसलों की बुवाई से पूर्व कवकनाशी, कीटनाशी एवं राइजोबियम कल्चर से बीज शोधन पर विशेष बल दिया जाये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान वैज्ञानिक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् अटारी कानपुर डॉ.एसके सिंह ने कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों का आवाह्न किया कि क्षेत्र विशेष की कृषि परिस्थितियों के अनुरूप उन्नत तकनीकों का चुनाव कर तकनीकी गैप को भरने का प्रयास करें। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार प्रोफेसर एनके बाजपेयी ज ने कार्यशाला का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश के कुल 89 कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रतिनिधियों को प्रतिभाग करना था, जिसमें 85 कृषि विज्ञान केन्द्रों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ.जीएस पवांर, अधिष्ठाता उद्यान महाविद्यालय डॉ.एसवी द्विवेदी एवं 85 केन्द्रों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बोलते कुलपति प्रो .नरेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार



विश्वविद्यालय में उपस्थित किसान। अमृत विचार

### मेड़ व नाली बनाने से खरीफ की उपज को लाभ

विभिन्न शोध के परिणाम स्वरूप वैज्ञानिकों द्वारा यह पाया गया कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुवाई मेड़ एवं नाली बनाकर करने से अधिक उपज प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने कृषकों से आवाह्न किया। कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र प्रताप सिंह ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी कानपुर से अनुरोध किया कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के उनकी कृषि परिस्थितियों के अनुरूप कार्ययोजना बनाई जाये तथा प्रदेश स्तर पर फसल विविधीकरण पर एक वृहद परियोजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। कृषि अनुसंधान में लगे वैज्ञानिकों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश में उर्द का क्षेत्रफल लगातार घटता जा रहा है, जिसे बढ़ाने हेतु हमें कम अवधी की उर्द की प्रजातियों को विकसित करने तथा कृषक प्रक्षेत्र पर लाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- 5, 6 व 7 मार्च को विशेष लोक अदालतें लगेंगी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 9 मार्च दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। सभी वादकारी जनता, विधि व्यवसाइयों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे अपने वादों के निस्तारण के लिए अधिक से अधिक संख्या में 9 मार्च को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत एवं इससे पूर्व 5, 6 व 7 मार्च को आयोजित हो रही लघु आपराधिक वादों से सम्बन्धित विशेष लोक अदालत में वादों को नियत कराते हुए जरिये सुलह-समझौता निस्तारण कराकर इस अवसर का लाभ उठाएं। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, मोबाइल फोन व केबल नेटवर्क संबंधी प्रकरण, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से सम्बंधित प्रकरण दीवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद, चेक बाउंस आदि मामलों का निस्तारण होगा।

# अधिक सवारी बैठाने वाले वाहनों की खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** क्षमता से अधिक सवारियां भरने वाले ऑटो, टेंपो और मैजिक वाहनों और बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ गुरुवार को एआरटीओ और प्रभारी यातायात के नेतृत्व में गुरुवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। कुल 171 वाहनों का ई-चाजान किया गया साथ ही उन्हें हिदायत दी गई कि निर्धारित संख्या से अधिक सवारियां न भरें, क्योंकि इससे सड़क दुर्घटनाओं की संभवना प्रबल होती है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सीओ ट्रैफिक अजय कुमार सिंह, एआरटीओ शंकरजी सिंह, प्रभारी यातायात राजेश कुमार वर्मा और पीटीओ रामसुमेर यादव के नेतृत्व यातायात आरक्षियों के सहयोग से यातायात पुलिस ने स्वीकृत संख्या से अधिक सवारी बैठाने वाले ऑटो, टेंपो और मैजिक वाहनों के के साथ दोपहिया वाहन मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग न करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाकर 171 वाहनों के ई-चालान किए गए। यातायात प्रभारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि ऑटो, मैजिक, टेंपो आदि वाहन जिनका प्रयोग सवारी ढोने में किया जाता है, उनमें क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाया जाता है, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। चेकिंग के दौरान उन्होंने सभी वाहन चालकों का चालान करते हुए हिदायत दी, कि यदि क्षमता से अधिक सवारी वाहनों में पाई जाती है, तो उनके ऊपर कठोरतम कार्रवाई परिवहन विभाग और यातायात विभाग के द्वारा की जाएगी।

एआरटीओ प्रशासन शंकरजी सिंह ने बताया कि चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। दो पहिया, चार पहिया, टेंपो, टैक्सी, मैजिक वाहनों का इस्तेमाल वाहन चालक और स्वामी यातायात नियमों के अनुसार ही करें।



सवारियों से भरी ऑटो को रोकती पुलिस। अमृत विचार

# गौशालाओं में अफसरों को दुरुस्त मिलीं व्यवस्थाएं



गौशाला का निरीक्षण करते सीडीओ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पशु चिकित्साधिकारी को गोवंशों की टैगिंग कराने के निर्देश

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निर्देश पर नोडल अधिकारियों ने गोद लिए गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नोडल अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं।

नोडल अधिकारियों ने गौशाला संचालकों व केयरटेकरों को जिला स्तरीय गौशाला कंट्रोल रूम में सभी सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उधर, मुख्य विकास अधिकारी ने नरैनी तहसील क्षेत्र के बरछा डंड़िया गांव में संचालित गौशाला का निरीक्षण करते हुए पशु चिकित्साधिकारी को गौवंशों की टैगिंग करते हुए डिमांड जनरेट करने के निर्देश दिए।

गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण, चारा, भूसा व दाना की उपलब्धता के साथ पेयजल व्यवस्था और रात में केयर टेकर की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर गुरुवार को नामित नोडल अधिकारियों व विभागीय अधिकारियों ने गौशालाओं का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं देखीं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.एसके वैश्य ने सेमरा गौशाला, पशु चिकित्सा अधिकारी नरैनी डा.वीपी सिंह ने गौशाला दुबरिया तथा अवर अभियंता सुनील कुमार सविता ने मुरवल गौशाला व एडीएसटीओ ओमप्रकाश ने भूरागढ गौ संरक्षण केंद्र, डीएफओ संजय अग्रवाल ने रानीपुर गौशाला व अन्य नोडल अधिकारियों ने विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण कर पेयजल, विद्युत, चार भूसा, केयर टेकर की उपलब्धता आदि का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सफाई और गोबर चिन्हित स्थान पर इकट्ठा रखने के निर्देश दिए। सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य ने नरैनी क्षेत्र के बरछा डंड़िया गांव की गौशाला में 230 गोवंश संरक्षित और देखरेख के लिए 6 केयर टेकर उपस्थित मिले। सीडीओ ने पशु चिकित्सा अधिकारी को गौवंश को टैगिंग करने के निर्देश दिए।

दुर्घटना

बुधवार को हुई थी चार की मौत, शवों के ओरन पहुंचते ही पसरा मातम, नहीं जले चूल्हे

# पत्नी को अग्निदाह, तीनों बच्चों के शव जमीन में दफनाए गए

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को एक ही परिवार के चार लोगों की बाइक दुर्घटना में दर्दनाक मौत के बाद गुरुवार को चारों शवों का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। शवों के गांव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया। महिला का अग्निदाह और दो बेटों व बेटी को जमीन में दफनाया गया। एक ही परिवार से एक साथ चार अर्थियां उठने के गम में गांव में किसी भी घर में चूल्हा तक नहीं जला।

बताते चलें, बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी रवि (20) पुत्र लालाभइया अपनी मां सीमा (38), भाई बाबू (6) व बहन आरती (8) को लामा गांव से बाइक पर बैठाकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से होते हुए अपने गांव जा रहा था, तभी किलोमीटर संख्या 35.7 के पास वाहन चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी और वाहन में सवार सभी लोग छिटककर सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगी रेलिंग से जा टकराए, जिससे रवि और बाबू की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि आरती व सीमा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उन दोनों ने भी दम तोड़ दिया। गुरुवार को पुलिस ने सभी शवों को अपनी सुपुर्दगी में लेने के बाद पोस्टमार्टम कराया और शव सीमा के पति लालाभइया को सौंप दिया। चारों शव लेकर जब लालाभइया अपने गांव पहुंचे तो रिश्तेदारों समेत आसपास के लोगों का तांता लगा हुआ था। शवों को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों को बमुश्किल शव उठाने दिया। एक ही परिवार से एक साथ चार अर्थियां उठने के गम में गांव में गुरुवार को किसी भी घर में चूल्हा तक नहीं जला। पति लालाभइया ने पत्नी सीमा का सोलह श्रृंगार कर नम आंखों से अग्निदाह किया, जबकि अपने बच्चों रवि, बाबू और आरती को जमीन में दफनाया।



पोस्टमार्टम हाउस में एकत्र ग्रामीण। अमृत विचार



घर पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### रात के अंधेरे में हरे पेड़ों पर चल रही है कुल्हाड़ी

**नरैनी (बांदा) :** रात में अंधेरे का फायदा उठाते हुए चोरी-छिपे लगातार सड़क किनारे खड़े हरे पेड़ो की कटाई जो रही है। निमंत्रण से लौटते वक्त डाल ऊपर गिरने से घायल होने पर कटान की जानकारी हुई। कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नहरी गांव निवासी हमीद पुत्र अलफ खान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मौदहा से निमंत्रण कर अपने भतीजे मुकीम के साथ बाइक में सवार होकर वापस अपने गांव जा रहा था। पनगरा गांव के नजदीक रात में कुछ लोग चोरी से सड़क किनारे हरे पेड़ों को काट रहे थे।तभी पेड़ की डाल टूटकर उनके ऊपर गिर गई। जिसकी चपेट में आए वह घायल हो गए।

# मुख्य मार्ग पर खोदे गए गड्ढे निर्माण में बाधक

## जल निगम के अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों में आक्रोश

**संवाददाता जैतपुर, महोबा**



सड़क पर कनेक्शन के लिए खोदे गए गड्ढे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य मार्ग का अधूरा पड़ा सीसी निर्माण को पूरा कराने के लिए मार्ग में बिछाई गई पाइप लाइन बाधक बन गई है। जगह- जगह पाइप लाइन बिछाने के चक्कर में खोदे गए गड्ढे सीसी निर्माण कार्य के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। इससे तेज गति से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में जल निगम के अधिकारियों की लापरवाही के प्रति खासा गुस्सा है।

विकासखंड जैतपुर के पास से घुसियानपुरा मोहल्ले तक लगभग पांच किमी उखड़े पड़े मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे कस्बेवासियों के अलावा आसपास के गांवों से जैतपुर बाजार करने वाले ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर नमामि गंगे योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई जाने के लिए जगह- जगह किए गए गड्ढे सीसी रोड निर्माण के लिए बाधक बन गए हैं। आधा अधूरा पड़ा यह मार्ग लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। बावजूद इसके जल निगम द्वारा उपभोक्ताओं को कनेक्शन और लाइन जोड़ने के लिए बड़े बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं।

आए दिन कनेक्शन जोड़ने के लिए मोहल्ला जमीदारी, बजरिया, सोनापुरा के पास मुख्य मार्ग पर गड्ढों की खुदाई की जा रही है। इससे सड़क निर्माण के लिए यह पाइन लाइन बिछाना निर्माण एजेंसी के लिए मुसीबत बन गई है। निर्माण कार्य तेजी से नहीं चल पा रहा है। ग्रामीण सुरेश महंत, पप्पू ओझा, महेंद्र, आग्नेह, इकबाल अहमद, देवेंद्र श्रीवास का कहना है कि वर्षों से रोड पर पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पा रहा है। जल निगम द्वारा मनमाने तरीके से पाइप लाइन जोड़े जाने का खामियाजा कस्बा वासियों को भुगतना पड़ रहा है। एक तरफ कस्बे वासियों को जलापूर्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा, वहीं दूसरी तरफ कस्बे का मार्ग आधा अधूरा होने के कारण भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## सर्दी ने ली करवट निकले गर्म कपड़े

**महोबा।** दो दिन पहले हुई जोरदार बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब ठंड ने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। धुलाई कराने के बाद अलमारी और बक्सों में रखे गए गर्म कपड़े एक बार फिर निकल आए है। यही वजह है कि अब लोग सुबह से एक बार फिर स्वेटर कोट पहनकर निकलने को मजबूर हो गए हैं। ओले के बाद चल रही बर्फीली हवाओं ने जन जीवन अस्त- व्यस्त करके रख दिया है। बुर्जुगों को एक बार फिर ठंड ने झकझोर दिया है।

एक सप्ताह पहले गर्मी ने दस्तक दे दी थी, गर्मी की दस्तक को देखते हुए लोगों ने स्वेटर, कोट, जैकेट की धुलाई कराकर बक्सों और अलमारी में पैक करा दिए थे, लेकिन अचानक बेमौसम हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद सर्दी ने एक बार फिर करवट ली है। वहीं चल रही बर्फीली हवाओं के चलते लोगों को गर्म कपड़े पहनने के लिए मजबूर होना पड़ा। यही वजह है कि अब लोग सर्दियों की तरह इस मौसम में गर्म कपड़े पहनकर निकल रहे हैं।

दो दिन पहले सारा दिन हुई बारिश के चलते खेतों और निचले स्थानों पर पानी भर जाने, तालाबों पर पानी आ जाने से हवाएं चलने पर ठंड का अच्छा खासा एहसास होने लगा है। गुरुवार को दिन में धूप निकलने से कुछ राहत रही।



जिला अस्पताल में उपचार कराते जख्मी लोग। अमृत विचार

## मधुमक्खियों ने किया हमला आटो सवार यात्री जख्मी

**संवाददाता, महोबा**

- किसी ने छत्ते में मार दिया था पत्थर, इसलिए हुईं हमलावर
- घायल आधा दर्जन यात्रियों को भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** कोतवाली चरखारी के ग्राम सूपा में आटो में बैठी सवारियों पर मधुमक्खियों ने हमला का जख्मी कर दिया। मधुमक्खियों के शिकार हुए लगभग आधा दर्जन लोगों को ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। वहां पर डाक्टरों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है। ग्राम के पास पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते पर किसी अज्ञात द्वारा पत्थर मारे जाने के कारण मधुमक्खियां उग्र हो गईं और आटो में बैठी सवारियों को अपना निशाना बना लिया।

कस्बा चरखारी से एक आटो में सवारियां बैठकर महोबा की तरफ आ रही थी, तभी ग्राम सूपा के समीप आटो का टायर पंचर हो गया, जिससे चालक ग्राम ने आटो वहीं खड़ा कर दिया और पंचर देखने के नीचे उतरा, तभी पेड़ पर लगे छत्ते से मधुमक्खियों का झुंड निकला और आटो में बैठी सवारी तीन वर्षीय इशिका, दो वर्षीय रौनक, रामेश्वर (55), कालीचरण (29) रंजीत (26) व उसकी पत्नी मौना (24), आटो चालक रज्जन सहित आधा दर्जन लोगों को निशाना बना कर जख्मी कर निकल गई। ग्रामीणों की मदद से सभी लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।



विद्यालय परिसर में भरा पानी। अमृत विचार

## कांशीराम कालोनी के स्कूल परिसर में जलभराव

**कार्यालय संवाददाता महोबा**

- अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी नहीं हल हो रही जलभराव की समस्या

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन कांशीराम कालोनी महोबा के समीप स्थित मल्टी स्टोरी कम्पोजिट विद्यालय का बुरा हाल है। इस विद्यालय में जहां शिक्षकों की भारी कमी है, वहीं स्कूल परिसर में जल निकासी की समुचित सुविधा न होने से बारिश में स्कूल मैदान में पानी भर जाता है। इससे बच्चों को स्कूल आने जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। दो दिन पहले बेमौसम हुई बारिश के चलते खेल मैदान में पानी भर गया। इससे बच्चों को न झूला झूलने और न ही खेलने को मिल पा रहा है।

मालूम हो कि कांशीराम कलोनी और आसपास के बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए कालोनी परिसर में मल्टीस्टोरी कम्पोजिट विद्यालय खोला गया था। यहां पर शिक्षक और शिक्षामित्र की नियुक्ति भी की गई थी, लेकिन कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को शिक्षण कार्य कराने के लिए मात्र एक शिक्षक हैं। इससे शिक्षण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इतना ही नहीं शिक्षक के अवकाश लिए जाने पर दूसरे विद्यालय के अध्यापक को चार्ज देना पड़ता है, तब जाकर मिड्डे मील संचालन सहित अन्य व्यवस्थाएं पूरी हो पाती हैं। शिक्षामित्र और एक शिक्षक कक्षा आठ तक के बच्चों को शिक्षण कार्य करा रहे हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षा में गुणवत्ता लाना मुश्किल हो जाता है। एक शिक्षक चार चार कक्षाओं के बच्चों को संभाल रहा है।

कांशीराम कालोनी विद्यालय परिसर में कभी बेमौसम बारिश तो कभी छत पर लगी पानी की टंकी से मैदान पानी से भर जाता है। इससे स्कूल आने वाले बच्चों को खासी मशक्कत करना पड़ती है। नहीं खेल मैदान में पानी भर जाने से बच्चे मैदान में नहीं निकल पाते हैं।

### करानी पड़ती है सफाई

विद्यालय परिसर के पास गंदगी के ढेर बच्चों को संक्रामक बीमारियों को दावत दे रहे हैं। विद्यालय के आसपास कालोनी वासी कूड़ा डाल देते हैं। यहां पर हफ्तों कोई सफाई कर्मचारी सफाई करने नहीं आता है और न ही विद्यालय परिसर की सफाई होती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि पूर्व में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी यहां सफाई करने आते थे, लेकिन अब उन सफाई कर्मचारियों को हटा दिया गया है। गंदगी बनी रहती है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा ही सफाई कराई जाती है।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत किया जागरूक

**पनवाड़ी,महोबा।** विकास खंड पनवाड़ी में सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान लखनऊ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तत्वावधान मे राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गयी। जिसमें टीम द्वारा ओडीएफ प्लस की स्थिति बनाए रखने के लिए सभी को शौचालय का उपयोग करने तथा कूड़े के निपटान की जानकारी दी गई। कार्यकम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी संतराम ने टीम को शुभ कामनाएं प्रेषित की। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से गांव के लोगों में जागरुकता आयेगी। इसके बाद हरी झण्डी दिखाकर टीम को ग्राम पंचायतो के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित ब्लाक परिसर के कर्मचारी सचिव धर्मवीर, एपीओ सुशील कुमार गुप्ता, खण्ड प्रेरक अजय शर्मा, प्रधान अजयपाल सिंह संस्था जिला समन्यवक नरेश कुमार, सहयोगी किशन कुमार, प्रशिक्षक मनीष कुमार, दुर्वशा सत्यव्रत सिंह कोआर्डिनेटर दीपक, सुखराम सुनील, राहुल तथा नुक्कड़ टीम के कलाकार सत्येन्द्र कुमार नन्दनी,अर्जुन,अशोक रहे।

## 747 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



बोर्ड परीक्षा देकर घर जाते परीक्षार्थी। अमृत विचार

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले में चल रही नकल विहीन बोर्ड परीक्षाएं

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की गुरुवार को बोर्ड परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई। अधिकारियों की सख्ती के चलते जिले में एक भी नकलची पकड़ा नहीं गया। कड़ी निगरानी के बीच सुबह और शाम की पाली में हाईस्कूल और इंटरमीडिटए की विज्ञान, गणित, कृषि, वाणिज्य विषय की परीक्षा में 16352 पंजीकृत परीक्षार्थियों से 747 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। नकलविहीन परीक्षा संपन्न होने से परीक्षार्थी भी खासा खुश हैं।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की चल रही बोर्ड परीक्षा में पहली पाली में सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक संपन्न हुई। हाईस्कूल की परीक्षा में परीक्षार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा दी, जिसमें पंजीकृत 12205 परीक्षाथियों में से 11574 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 631 ने परीक्षा छोड़ दी। इंटरमीडिएट की वाणिज्य विषय में 71 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 68 परीक्षा में शामिल हुए, तीन परीक्षार्थी ने परीक्षा छोडीं दूसरी पाली में हाईस्कूल की 2 बजे से 5 बजे तक कृषि विषय के पेपर की परीक्षा हुई, जिसमें 55 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 51 ने परीक्षा दी और चार ने परीक्षा से किनारा कर लिया। इसी तरह इंटरमीडिएट की गणित, जीव विज्ञान परीक्षा में 4021 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 3912 ने परीक्षा दी, 109 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

बोर्ड परीक्षा दौरान कक्षों में कक्ष निरीक्षकों के तीन घंटे तक लगातार चहलकदमी करने से कोई भी परीक्षार्थी नकल करने का साहस नहीं जुटा सका। सुबह की पाली में भी गेट पर और कक्ष के दरबाजे पर कड़ी चेकिंग देख नकलची परीक्षा देने का साहस नहीं कर सके। जिसके चलते पहले दिन की परीक्षाओं में 747 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

परीक्षा दौरान जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी अपनी गाड़ियों से एक के बाद एक केंद्र में चेकिंग करने के लिए निकल पड़े। सारा दिन अधिकारियों की गाड़ियां दौड़ने और सघन चेकिंग चलने और कक्ष केंद्र व्यवस्थापकों की सख्ती के चलते कोई भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पकड़ा गया। परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस कर्मी तैनात रहे। परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी को भी आने की अनुमति नहीं थी।

## भाजपाइयों ने चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**बेलाताल, महोबा :** विकास खंड के ग्राम महुआबांध में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में चौपाल का आयोजन किया गया ।

ब्लॉक प्रमुख सन्दीप राजपूत ने गांव में मुहल्ले - मुहल्ले चौपालों में उपस्थित होकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर आम आदमी को लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास उज्ज्वला योजना और सभी राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और उसका समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर रोहित,हर्ष वर्धन,सचिन राजपूत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



गोष्ठी में बोलते वक्ता। अमृत विचार

## नई तकनीक से पैदावार कर उठाएं अधिक लाभ

**कार्यालय संवाददाता महोबा**

- जायद उत्पादकता किसान गोष्ठी का ब्लाक सभागार में किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** विकासखंड पनवाड़ी में जायद उत्पादकता किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही खेती की उन्नत तकनीक से जुड़ा वीडियो दिखाकर किसानों को नई तकनीक से फसल की बुआई करने की जानकारी दी गई। लाइव प्रसारण देखने के लिए क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से भारी संख्या में ग्रामीण ब्लाक परिसर पहुंचे और लाइव प्रसारण देखकर कृषि के बावत जानकारी भी ली।

जायद उत्पादकता किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष अग्निहोत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के खातों में सीधे किसान सम्मान निधि की धनराशि भेजी जा रही है। कहा कि कृषि विभाग द्वारा उपयोगकर्ता कृषि विपणन, बागवानी, सिंचाई, बीज, मशीनरी और प्रौद्योगिकी, पौध संरक्षण जैसी संचालित विभिन्न योजनाओं की किसानों को जानकारी भी दी गई। इससे किसान नई तकनीक से फसल की पैदावार करके अधिक उपज का उत्पादन कर सके। कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने और आय को बढ़ाने के लिए जरूरी है कि किसान फसल उत्पादन और फसल की गुणवत्ता को बढ़ाएं। किसानों को इस समस्या से निकालने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाओं का संचालन किया जाता रहा है। जिला कृषि अधिकारी एसआर गुप्ता ने कहा कि जिन किसानों द्वारा पंजीयन करा लिया गया है। उनकी सालाना आय कम है ऐसे किसानों को साल में दो बार किसान सम्मान निधि से किसान को जुताई- बुवाई करने के लिए कर्ज न लेना पड़े। इससे छोटे किसान खासा खुश हैं और उन्हें अब जुताई बुवाई के लिए कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। कृषि गोदाम प्रभारी संजय कुमार, सहायक कृषि अधिकारी जयप्रकाश सेंगर, तकनीकि सहायक अनिल कुमार, तकनीकी प्रबंधन अशोक कुमार, संतोष द्विवेदी, महेंद्र वर्मा रहे।

**समारोह** | गेस्ट हाउस में अधिकारियों और पुलिस टीमों का किया गया सम्मान

## सर्राफा हत्याकांड का खुलासा करने पर स्वागत

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



डीएम को सम्मानित करते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष भागीरथ नगायच की अध्यक्षता में गुरुवार को अम्बे गेस्ट हाउस में कार्यक्रम आयाजित किया गया गया। इस मौके पर पनवाड़ी के सर्राफा व्यापारी अजयकांत सोनी की हत्या का खुलासा करने वाली पुलिस टीम के प्रति व्यापारियों ने आभार जताया है। व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ उनकी पूरी टीम और पनवाड़ी कोतवाली, स्वाट, सर्विलांस टीम एवं अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ सीटी को सम्मानित किया।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बेहतर रखने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। कहा कि ऐसी घटना अब दोबारा न हो इसके लिए पुलिस को और सक्रिय रहने की जरूरत है। व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों और घरों के आसपास सीसी टीवी कैमरे लगाए, इससे संदिग्ध और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में भय बना रहता है। पुलिए अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल ने जो सहयोग दिया है और जो धैर्य रखा है, इसके चलते पुलिस सुकून से हत्या और लूटकांड का खुलासा करके असली अपराधियों तक पहुंच सकी है। उन्होंने कहा कि अगर आपके प्रतिष्ठान और घरों के आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो उससे पूछतांछ अवश्य करें। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस ने लूट हत्याकांड का खुलासा करके व्यापारियों ही नहीं बल्कि आम जनता में अपनी छवि बनाई है। उन्होंने कहा कि इसलिए आज डीएम, एसपी, एएसपी सहित सभी पुलिस टीमों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मौके पर व्यापार मंडल महोबा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद पुरवार, अजीत गुप्ता, जिला प्रभारी रवि साहू, महामंत्री उमेश लाक्षाकार, मनोज अग्रवाल, विजय साहू, विजय पाटकार, अमित सोनी, शिवकुमार सोनी सहित तमाम व्यापारी उपस्थित साथ ही नगर व्यापार मंडल चरखारी, खरेला, कबरई, कुलपहाड़, पनवाड़ी, बेलाताल, श्रीनगर के पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राहुल बडौनिया ने किया। महिला जिलाध्यक्ष रोली गुप्ता, अंशु गुप्ता, गीता सहित तमाम महिलाएं भी मौजूद रहीं।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338, 8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### सूरज गुप्ता बने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बा निवासी सूरज गुप्ता को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नामित किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर सूरज गुप्ता ने कहा कि वह पार्टी की नीतियों पर खरा उतरने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

### गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक किलो 100 ग्राम सूखा गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के बचरौली नहर पुलिया के पास बुधवार शाम एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा था, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा, जिसने अपना नाम जगबीर उर्फ संतोष पुत्र लल्लू सिंह निवासी छक्की का डेरा बताया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 600 ग्राम गांजा बरामद किया।

# 68 जोड़ों ने लिए अग्नि के समक्ष सात फेरे

## सामूहिक विवाह समारोह: कुल 71 जोड़ों का विवाह, इनमें तीन जोड़ों ने किया निकाह

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** समाज कल्याण एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में 68 जोड़ों ने हिंदू रीति रिवाज से व तीन जोड़ों ने मुस्लिम रीति रिवाज से शादी संपन्न कराई गई। एक ही पंडाल के नीचे हिंदू मुस्लिम समाज की बेटियों का विवाह एक साथ संपन्न करा कर क्षेत्रवासियों ने कौमी एकता की मिसाल पेश की है। वहीं कुछ जोड़े परिसर के मंडप के नीचे बैठे बिना ही शुभ मुहूर्त न होने की बात कहकर अपना सामान प्राप्त कर वहां से चले गए। इस मामले में जब समाज कल्याण अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने साफ़ साफ़ इस बात को नकारते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया।

विकासखंड कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन का शुभारंभ अपर जिला अधिकारी एनएन यादव ने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर कर किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरीला ब्लॉक की ममता ने पवन कुमार के गले में वरमाला डालकर जीवन साथी चुना। वहीं रागिनी ने कल्लू, राखी ने अंकित, लक्ष्मी ने धर्मेंद्र को और सुनीता ने राहुल के गले में वरमाला डाली। वर- वधु ने अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर अपना जीवन साथी चुना। कार्यक्रम में छेड़ी बेनी गांव की परवीन का अमन के साथ, गौसिया का नौशाद एवं सानिया खातून का मोहम्मद यूनुस के संग मौलवी हाफिज कमरुद्दीन ने निकाह कराया।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी की रस्मों को पूरा करते वर वधू।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 88 जोड़ों का पंजीकरण कराया गया था। जिसमें मात्र 71 जोड़े ही दांपत्य जीवन की शुरुआत की। 17 जोड़े विवाह सम्मेलन में शामिल नहीं हो हुए। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से वर वधु को 10 हजार के उपहार भेंट कर उनकी विदाई की गई। वहीं कुछ जोड़े ऐसे भी रहे जिन्होंने पंजीयन काउंटर से अपना सामान प्राप्त कर, परिसर के मंडप के नीचे बैठे बिना ही वहां से वापस चले गए। जब उनसे बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि घर जाकर शुभ मुहूर्त में रीति रिवाज के अनुसार शादी करेंगे। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, जिला पंचायत सदस्य करण सिंह, ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण सिंह राजपूत, खंड विकास अधिकारी प्रमेंद्र पांडे, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रहे।



वर वधू को प्रमाण पत्र देती जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत। अमृत विचार

# विदेश भेजने के नाम पर कबूतरबाज सक्रिय

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- बेरोजगारों को विदेश भेजने के नाम पर कर रहे ठगी

**अमृत विचार।** इस समय कस्बे सहित क्षेत्र में कबूतर बाजों का जाल फैलता जा रहा है। जो क्षेत्र के बेरोजगारों को विदेश में अच्छी कमाई का सब्जबाग दिखाकर उनसे ठगी करने का काम कर रहे हैं।ऐसे ही एक मामले में कस्बे के युवक को सऊदी अरब भेजने और ठगी का मामला सामने आया है।

कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज निवासी जहीर अहमद पुत्र सगीर अहमद ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी कबूतरबाज हारुन शाह पुत्र घफलू ने उसे अरब में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे डेढ़ लाख रुपये ले लिए। साथ ही उसका लगभग चालीस हजार रुपये अतिरिक्त खर्च हो गया, जो उसने कर्ज लेकर और पत्नी के जेवरात गहने रखकर दिए थे। पीड़ित ने बताया कि जो अनुबंध कबूतरबाज हारुन शाह ने किया था।

उसके अनुसार दोगुना ड्यूटी ली जा रही थी। साथ ही अनुबंध के अनुसार मासिक वेतन भी नहीं दिया जा रहा था। साथ ही खाना आदि भी नहीं मिलने के कारण पीड़ित को भूखा रहना पड़ा है। पीड़ित ने बताया कि उसने वहां से वापस आकर आरोपी से अपना पैसा मांगा तो उक्त आरोपी कबूतरबाज जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसको लेकर पीड़ित ने एसडीएम और क्षेत्राधिकारी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।

जिस पर एसडीएम ने कोतवाली प्रभारी को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मामला पैसे के लेनदेन का है। जांच की जा रही है।

# ई रिक्शा चालक को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

- खाना खाकर गांव के बाहर बने गौशाला जा रहा था अधेड़

**पौथिया, हमीरपुर।** बुधवार की रात करीब दस बजे स्वासा बुजुर्ग गांव निवासी अधेड़ घर से खाना खाकर गांव के बाहर बनी गौशाला में जा रहा था। तभी राठ- हमीरपुर मार्ग में अज्ञात ट्रक कुचलत हुआ निकल गया। इससे अधेड़ की मौके पर मौत हो गई।

स्वासा बुजुर्ग निवासी शिव कुमार 52 पुत्र लल्लू बुधवार की रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद ई रिक्शा लेकर गांव के बाहर बने गौशाला जा रहा था। तभी राठ हमीरपुर मार्ग छानी की तरफ से हमीरपुर जा रहे एक अज्ञात ट्रक ने पंचायत भवन के पास ई रिक्शा में टक्कर मार दी और शिव कुमार को कुचलता हुआ निकल गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार किया। मृतक के बड़े बेटे अनिल ने बताया कि पिता गौशाला में बन्द अन्ना जानवरों की देखभाल करते थे। उन्हें पंचायत से करीब सात हजार रुपये मजदूरी मिलती थी। पिता के नाम 17 बीघे खेत है। जिसमें परिवार का भरण-पोषण होता था। उधर ललपुरा थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रक व चालक की तलाश की जा रही है। ताकि जल्द से जल्द वह पकड़ में आ जाए।

# दसवें दिन भी वकीलों की हड़ताल जारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी के खिलाफ अधिवक्ताओं की हड़ताल 10 वें दिन भी जारी रही। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया जो शुक्रवार को उच्च न्यायालय जाकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएगी।

जजी परिसर में धरना- प्रदर्शन व हड़ताल पिछले 20 फरवरी से जारी है। धरने में अधिवक्ताओं ने कहा पिछले 20 से 28 फरवरी तक इस अदालत ने 50 से अधिक वाद खारिज कर दिए हैं। जबकि अधिवक्ता 20 फरवरी से न्यायिक कार्य से विरत हैं एवं इसके पूर्व भी एक माह में 190 वाद खारिज किए जा चुके हैं। जिससे वादकारियों के प्रति न्यायालय की गरिमा गिर रही है। इनके व्यवहार से अधिवक्ता अपमानित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में इनके विरुद्ध उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाकर तथा अपने स्तर पर जांच कराई जाए कि वह न्याय की कुर्सी में बैठकर कैसी अमर्यादित भाषा का उपयोग कर रही हैं। इसकी सही जानकारी के लिए न्यायालय में सीसीटीवी कैमरे लगाकर स्वतः किया कलापों की जांच की जाए। गुरुवार को धरने पर बैठने वाले अधिवक्ताओं ने क्रांति सिंह चंदेल, जन्मेजय सिंह परमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिथलेश शुक्ला, बिंदा पाल, प्रवीण शुक्ला, रामयाण यादव, सुरेश शंखवार, रामकिशोर प्रजापति, रामकिशोर यादव, अशोक शिवहरे पर बैठे। अध्यक्ष फूलसिंह कुशवाहा व राजेन्द्र वीर सिंह रहे।



जिला जजी गेट के सामने धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

- उच्च न्यायालय जाने के लिए छह सदस्यीय कमेटी गठित की गई

# मेले से बाइक चोरी

**मौदहा (हमीरपुर)।** बाइक चोरों के गिरोह सक्रिय हैं जो मेलों, शराब के ठेंकों सहित अन्य भीडभाड़ वाले इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसे ही दिनदहाड़े बड़ी देवी मेले से बाइक चोरी की घटना सामने आई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी शैलेश कुमार पुत्र सुरेंद्र पाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह कस्बे के सुंदर लाल शिवहरे महाविद्यालय से वापस लौट रहा था। तभी बड़ी देवी मेले में अपने दोस्तों से रुककर बातें करने लगा। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक यूपी91 एफ3539 चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं कस्बे के सिजनौड़ा से भी चोर बाइक चोरी कर ले जाते समय बाइक बंद होने पर सड़क किनारे खड़ा कर भाग गए।

## सार-संक्षेप



जन जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाते प्रभारी बीडीओ शांतनु कुमार।

### स्वच्छता का महत्व बताने को गांव- गांव घूमेगी वैन

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** जल जीवन मिशन एवं स्वच्छता अभियान के तहत जन जागरुकता के वाहनों को कस्बे में विकासखंड के प्रभारी बीडीओ शांतनु कुमार ने हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्र के लिए रवाना किया। केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व जल प्रबंधन की बेहतरीन व्यवस्था करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को को प्रभारी बीडीओ ने जल जीवन मिशन के प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए ग्रामीण क्षेत्र के लिए रवाना किया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि जल को बचाने व पेयजल की मजबूत व्यवस्था चुस्त- दुरुस्त करने के लिए अभियान चलाए जा रहे है। कहा कि जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक अमन सिंह के साथ कर्मचारी सुरेश मौर्या, जगदीश निषाद, पवन दुबे के साथ ग्रामीण अंचलों में जाकर जल जीवन मिशन के बारे में गांव-गांव में जाकर इसके उद्देश्य के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे।

### पशु सेवा केंद्र बने खंडहर, कर्मचारी भी नहीं

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ब्लाक क्षेत्र की आधा दर्जन पंचायतों में बने पशु सेवा केंद्रों के भवन जर्जर होने के बाद निष्प्रयोज्य घोषित कर दिए गए हैं। बजट न मिलने से पशुपालन विभाग इनकी मरम्मत भी नहीं कर पा रहा है। साथ ही पशुधन प्रसार अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने तथा 2010 से भर्ती न होने के कारण यहां पर किसी की तैनाती भी नहीं है। पशुपालक झोलाछाप से उपचार करने को मजबूर है। ब्लाक क्षेत्र में तीन पशु चिकित्सालय सुमेरपुर, छानी, पौथिया संचालित हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत पंधरी, पचखुरा खुर्द, बिदोखर मेंदनी, सुरौली बुजुर्ग में पशु सेवा केंद्र बनाकर पशुधन प्रसार अधिकारी नियुक्त किए गए थे। इन जगहों पर तैनात पशुधन प्रसार अधिकारी सेवानिवृत हो चुके हैं। इसके बाद किसी की तैनाती नहीं की गई है। क्योंकि विभाग के पास कर्मचारी ही नहीं है। कर्मचारियों के सेवानिवृत होने से इन भवनों में ग्रामीणों ने कब्जा करके कंडा भूसा डाल रखा है। पशुओं के बीमार होने पर पशुपालक इन्हें झोलाछाप पशु चिकित्सकों से उपचार करने को मजबूर है। क्योंकि बीमार पशुओं को किसी भी दशा में पशु चिकित्सालय तक लाना मुश्किल होता है। पशु चिकित्सा अधिकारी डा .अंकुर सचान ने बताया कि निष्प्रयोज्य भवनों की सूचना शासन को भेज दी गई है।



छानी गांव में खंडहर बना खड़ा पशु सेवा केंद्र।



कुरारा के झुमरी तलैया तालाब मैदान में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी।

### गिरधरपुर ने घाटमपुर को सात विकेट से हराया

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के झुमरी तलैया तालाब में कुरारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को गिरधरपुर (भोगनीपुर) व घाटमपुर टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें गिरधरपुर ने सात विकेट से जीत दर्ज की। कस्बे के झुमरी तलैया तालाब में गुरुवार को कुरारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में घाटमपुर व गिरधरपुर (भोगनीपुर) टीम के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें घाटमपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 228 रन बनाए। टीम के अखिलेश ने 54 रन बनाए व महताब ने 50 रन बनाए। अनुराग ने 71 व शाहरुख ने 42 रन बनाए। वहीं जवाब में उतरी गिरधरपुर टीम (भोगनीपुर) ने 15 ओवर में 3 विकेट खोकर 229 रन बना कर सात विकेट से जीत दर्ज की। टीम के राजा ने 79 रन, आशीष ने 44 रन, पवन 29 रन व शाकिब 35 रन बनाए। राजा को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच में मोहन भदौरिया, राहुल गुप्ता ने बेहतरीन कमेंटेटरी की। स्कोरर पंकज द्विवेदी रहे। इस मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष पप्पन पालीवाल, धर्मेंद्र पालीवाल, विक्की सिंह राजावत, कल्लू सिंह आदि मौजूद रहे।

### डाकघरों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली को पंजीकरण

**हमीरपुर।** प्रधान डाकघर परिसर में लघु बचत योजनाओं तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यापक प्रचार- प्रसार की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पंजीकरण के बारे में जानकारी दी गई।

अधीक्षक डाकघर मंडल बांदा जीए खान ने बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पंजीकरण डाक घरों में किए जाएंगे। उन्होंने इसके बारे में विस्तृत जानकारी शाखा डाकपालों को दी। उन्हें योजना का प्रचार करते हुए ग्राहकों का नामांकन करने के लिए प्रेरित किया। बैठक सहायक अधीक्षक डाक घर संदीप चौरसिया, डाकपाल अंशुमान पाठक, विकास गुप्ता, भास्कर तिवारी, राज गौरव त्रिवेदी, रोहित धुरिया आदि मौजूद रहे।

### दो घरों से नकदी और जेवरात चोरी

**मौदहा( हमीरपुर)।** बिवांर थाना क्षेत्र के गांवों चोर की सक्रियता बढ़ गई है। आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। बुधवार की रात चोरों ने दो घरों में घुसकर हजारों की नकदी और जेवरात पार कर दिए। सूचना पर क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी ने जाकर मौके पर जांच की है। बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम लदार निवासी विजयपाल और दयानंद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि बताया कि बुधवार की रात चोरों ने रात में उनके घर से घुसकर कमरे में रखी नकदी और सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। पीड़ितों की तहरीर पर क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी मौके पर पहुंचीं।

# ब्लाक प्रमुख का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव के भाजपा में शामिल होने के बाद प्रथम जनपद आगमन पर जगह - जगह पार्टी कार्यकर्ताओं सहित हजारों समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। जयनारायण सिंह के भाजपा में जाने से सपा को करारा झटका लगा है क्योंकि यादव समाज के लोग भी बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ली है। पार्टी कार्यालय में स्वागत करते हुए कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से यादव समाज सहित पिछड़ा दलित व अल्पसंख्यक समर्थक भी आ गए हैं।

बुंदेलखंड के इकलौते सपा ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इनके भाजपा में शामिल होने से यादव समाज का एक बड़ा हिस्सा सपा का साथ छोड़कर कर भाजपा से जुड़ गया है। इससे सपा का करारा झटका लगा है। वहीं भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में लाभ मिलता दिख रहा है।

जिला प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं व हजारों समर्थकों ने दुर्गा देवी मोड़ पर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद भाजपा कार्यालय पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, राठ चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया, ज्वाइंट कमेटी के सहसंयोजक गणेश यादव, जिला मंत्री पुष्पराज सोनी, जिला उपाध्यक्ष किशन व्यास अल्पसंख्यक मोर्चा के मुनीर खान, जिला पंचायत सदस्य करन सिंह राजपूत ने स्वागत किया। कुंडौरा में पूर्व प्रधान अवधेश यादव व अन्य लोगों ने सुमेरपुर कस्बे में तथा गांव में भी जगह- जगह स्वागत किया। उन्होंने इटरा के बजरंगबली मंदिर पहुंचकर पूजन कर संतों का आशीर्वाद लिया। कहा कि वे उनकी सेवा करते रहेंगे।



ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# 50 हजार रुपये गुंडा टैक्स मांगने का आरोप

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बा निवासी रज्जन शिवहरे पुत्र लल्लू प्रसाद ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर गुंडा टैक्स मांगने वाले दबंग पर कार्रवाई की मांग की है।

सुमेरपुर कस्बा निवासी रज्जन शिवहरे ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि वह कस्बा सुमेरपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 के किनारे अपनी जीविका चलाने के लिए अन्य दुकानदारों की तरह एक दुकान रखे हुए हैं। विगत सप्ताह आई आंधी के दौरान उनका छप्पर उड़ गया था और वह अपनी दुकान की मरम्मत कर रहा था। तभी कस्बे के ही रहने वाला युवक उससे 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने लगा। जब उन्होंने रुपये देने से मना कर दिया तो वह परिवार को जानमाल व फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने की भी धमकी देते हुए चला गया।

# दुष्कर्म के दो दोषियों को 20 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सात साल पूर्व युवती को बहला फुसलाकर ले जाकर दो युवकों ने किया था दुष्कर्म

**अमृत विचार।** सात साल पुराने अपहरण व दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुदेश कुमार की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 वर्ष के कठोर करावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15-15 हजार का अर्थदंड लगाया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 15 जून 2016 को तहरीर दी थी। तहरीर में बताया था कि 14 जून को दोपहर करीब एक बजे उसकी 18 वर्षीय बेटी को राजकुमार वर्मा निवासी चंदपुरवा थाना सुमेरपुर फोन करके फुसलाकर ले गया।

अगले दिन में सुबह नौ बजे दोनों लौटकर आ गए थे। परिजनों से पीड़िता ने बताया कि दोषी राजकुमार वर्मा उसे ले गया था और उसके साथ उसका साथी सुधीर वर्मा भी था। दोनों ने उसके साथ गलत काम किया। मामले में पुलिस ने अदालत में चार्ज शीट पेश की। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुदेश कुमार की अदालत ने दोनों पक्षों को सुना। मामले में अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 15-15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न जमा करने पर एक- एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# घर में घुसकर किया चाकुओं से हमला

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बीती रात अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने महबूब नगर मोहल्ले के दो घरों में घुस गए। पीड़ितों ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने चोरी करने के दौरान जागने पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इसी तरह से चोरों ने पास ही एक दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान और नकदी चोरी कर ले गए।

गुरुवार की रात अज्ञात बदमाशों ने कस्बे के महबूब नगर मोहल्ले के दो घरों और एक दुकान को निशाना बनाया। सज्जू पुत्र हबीव अली ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने उसके घर में घुसकर लाखों के जेवरात और 6 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। वहीं चोरों ने मोहल्ले के खैराती पुत्र मुन्ना ने बताया कि वह परचून की दुकान किए है। जिससे उसके परिवार का गुजर बसर होता है। बताया कि चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखा पूरा सामान और 1500 रुपये चोरी कर ले गए। इसी तरह से चोरों ने वीरेंद्र पुत्र सुंदर सिंह ने बताया कि उसके पिता होमगार्ड हैं। बताया कि चोर उसके मकान में घुस आए। अलमारी खोलने के दौरान खटपट की आवाज सुन वह और उसकी पत्नी प्रियंका जाग गई। बदमाशों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। चोरों ने चाकुओं से हमला कर घायल कर दिया। चोर अवैध तमंचा दिखाते हुए भाग खड़े हुए।



पीड़ित के घर के बाहर लगी भीड़।

**सियासत** | अजेंद्र सिंह राजपूत पूर्व विधायकों से भी मिले, हालचाल लिया

# सपा उम्मीदवार अजेंद्र ने लिया आशीर्वाद

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की अब धीरे- धीरे सरगर्मी बढ़ने लगी है। अभी कुछ दिन पूर्व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा हमीरपुर, महोबा और तिंदवारी लोकसभा सीट से अजेंद्र सिंह लोधी को चुनावी मैदान में उतार दिया है। सपा प्रत्याशी ने अपना प्रचार और जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

गुरुवार को अजेंद्र सिंह लोधी ने अपने लावलश्कर के साथ लोधी समाज के जिम्मेदार लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। अजेंद्र ने अभी से ही बिसात बिछाने की शुरुआत कर दी है। अजेंद्र ने पूर्व विधायक रामाधार सिंह लोधी, पूर्व विधायक चौधरी ध्रुवराम लोधी समेत लोधी समाज के दिग्गज लोगों के घर जाकर उनसे मुलाकात की। अजेंद्र सिंह ने तहसील पहुंच कर अधिवक्ताओं से मिलकर उनका आशीर्वाद मांगा।



पूर्व विधायक रामाधार सिंह के पैर छूकर आशीर्वाद लेते अजेंद्र सिंह लोधी। अमृत विचार

इसके अलावा अजेंद्र सिंह लोधी ने गल्ला मंडी पहुंच कर किसानों, व्यापारियों, मजदूरों से समर्थन देने का आशीर्वाद मांगा। कहा कि वे उनके बेटे हैं। वे सुख दुख के साथी हैं। इस दौरान उनके साथ सैकड़ों लोगों की भीड़ रही। बता दें कि अभी चुनाव में काफी समय शेष है। ऐसे में अजेंद्र सिंह लोगों से मिलकर उनके दिलों में जगह बनाने की कोशिश में जुट गए हैं।

संपर्क के दौरान पूर्व विधायक कप्तान सिंह लोधी, राजपूत चंद्रवती वर्मा, शंकर दादा गोहांड, सपा जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी, डा.कमलेश लोधी, प्रताप, दिनेश राजपूत, सत्यपाल यादव, गोकुल राजपूत, गोगा मेंबर, प्रभु दयाल यादव, जितेंद्र यादव, जराखर समेत अनेक लोग रहे।

# महाकौशल एक्सप्रेस में आग लगने की खबर से हड़कंप

## बोगी में लगे फायर सिलेंडर का पिन निकलने से गैस हुई लीक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- तकरीबन एक घंटा की देरी से गंतव्य को रवाना हुई ट्रेन
- जबलपुर से निजामुद्दीन जा रही थी ट्रेन

**अमृत विचार:** जबलपुर से निजामुद्दीन जा रही महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी (सामान्य) में आग लगने की सूचना मिलते ही यात्रियों के साथ रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आरपीएफ, जीआरपी समेत शहर कोतवाली का भारी पुलिस बल स्टेशन पर पहुंच गया। स्टेशन पर पूरी ट्रेन का गहनता से निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि बोगी में लगे फायर सिलेंडर का पिन निकला होने से गैस लीक हो रही थी। जिससे धुआं निकल रहा था। ट्रेन को करीब एक घंटा तक स्टेशन पर रोका गया।

जबलपुर से चलकर निजामुद्दीन की ओर जाने वाली महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन में बुधवार की देर रात एक सामान्य बोगी में धुआं भर गया। इससे यात्री सहम गए। यात्रियों को आग लगने का शक हुआ तो ट्रेन में मौजूद कर्वी पुलिस स्कार्ट को सूचना दी गई। कर्वी पुलिस ने थाना जीआरपी को सूचना दी। बोगी में आग लगने की सूचना मिलते ही रेल अधिकारियों में में अफरा-तफरी मच गई। सभी ट्रेन के आने का इंतजार करने लगे। रात करीब 12:10 बजे जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो पूरे पुलिस विभाग ने एक-एक कर ट्रेन के हर यात्री कोच की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान पता चला कि सामान्य बोगी में लगे फायर सिलेंडर का पिन निकल गया था, जिससे धुआं निकल रहा था। जीआरपी थाना प्रभारी नवेंदु शेखर अग्निहोत्री ने बताया कि बोगी मंर लगे फायर सिलेंडर की पिन निकल जाने की वजह से सिलेंडर लीक हुआ और उसका धुआं बोगी में भर गया। यात्रियों को ऐसा लगा कि बोगी में आग लग गई है। जीआरपी थाना प्रभारी और स्टेशन अधीक्षक मनोज शिवहरे ने बताया कि पूरी तरह से जांच करने के बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

## फैला दी हत्या की अफवाह, जांच

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम भौनिया में बुधवार को देर शाम शराब के नशे में धुत देवर ने भाभी को जमकर मारापीटा। किसी ने भाभी की हत्या की खबर पुलिस को दे दी। पुलिस गांव पहुंची। पता चला कि यह महज एक अफवाह है।

भौनिया निवासी सर्वेश साहू ने शराब के नशे में धुत होकर बड़े भाई बलवीर साहू की पत्नी को पीट दिया और बाहर आकर शोर मचा दिया कि उसने भाभी सुनीता को मार डाला है। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार, फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज के साथ तत्काल गांव पहुंचे। वहां बलवीर की पत्नी सही सलामत मिली। इस पर पुलिस ने राहत की सांस ली। बलवीर की पत्नी सुनीता ने थानाध्यक्ष को बताया कि देवर से मामूली विवाद हुआ है। उसने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की है और फर्जी अफवाह फैलाकर भाग गया है।

# गेहूं क्रय केंद्रों पर पहुंच गया बांट और कांटा

कार्यालय संवाददाता महोबा

- पर्याप्त मात्रा में बारदाना की उपलब्धता भी की गई

**अमृत विचार।** गेहूं क्रय केंद्र खोले जाने की विपणन विभाग ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। जिले में 45 गेहूं क्रय केंद्र बना दिए गए, जहां पर एक मार्च से गेहूं खरीद शुरू होगी। इसके लिए पंजीयन का कार्य भी युद्ध स्तर पर अभी भी जारी है। इस साल किसानों का गेहूं 2275 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से खरीदा जाएगा और 20 रुपये प्रति कुंतल से लगने वाली उतरवाई भी किसानों को अब वापस मिल जाएगी। इससे किसानों को इस साल गेहूं की अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

जिले में 01 मार्च से शुरू हो रहे गेहूं क्रय केंद्र में किसानों के गेहूं की खरीद पिछले साल की अपेक्षा एक माह पहले से खरीद शुरू हो जाएगी, जिससे अब किसानों को अपना अनाज बेचने के लिए एक माह का अतिरिक्त समय मिल जाएगा। पूर्व में शासन ने 15 मार्च से गेहूं खरीद की तिथि घोषित की थी, लेकिन बाद में 01 मार्च निधारित कर दी, जिससे अब किसानों को समय से गेहूं बेचने का मौका मिलेगा। गांव स्तर पर भी गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं। कुलपहाड़, बेलाताल, श्रीनगर, कबरई, पनवाड़ी, चरखारी, खरेला में भी क्रय केंद्रों की सुविधा दी गई।

इस साल 45 गेहूं क्रय केंद्र खोल दिए गए हैं, जिसमें से पीसीएफ के 34, एफसीआई के 6 और खाद्य विभाग के 5 क्रय केंद्र बनाकर तैयार कर दिए गए हैं। जिला खाद्य विवणन अधिकारी रामकिशन पांडेय ने बताया कि इस साल एक मार्च से गेहूं क्रय केंद्र खोले जाने के शासन ने निर्देश जारी किए थे। चयनित स्थानों पर कर्मचारियों की नियुक्ति कर गेहूं क्रय केंद्र खोल दिए गए हैं।



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे में ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का दसवां वर्षगांठ बड़े धूमधाम से बीआर पैलेस में मनायी गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक युवराज सिंह ने मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह के साथ दीप जलाकर कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में कृष्णा के लाल, मदर सांग, केसरी के लाल, होली सांग, द्रौपदी चीरहरण, आर्मी सहित अन्य धार्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल श्रवण सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# चेयरमैन व ईओ पर अवैध भुगतान करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सदस्यों ने आयुक्त व डीएम से जांचकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी अवैध तरीके से भुगतान कर प्रतिमाह नगर पंचायत को हजारों रुपए का चूना लगा रहे हैं। कार्यालय में की जा रही मनमानी और भ्रष्टाचार की शिकायत सदस्यों ने कमिश्नर और जिलाधिकारी से करते हुए मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

नगर पंचायत सदस्यों नगर पंचायत के सदस्य आदित्य त्रिपाठी, साधुराम, नफीस, हेमलता पांडे, संतोष शिवहरे, कंचन आदि ने गुरुवार को आयुक्त और जिलाधिकारी से मिलकर अपनी शिकायतों का प्रार्थना पत्र दिया है। शिकायती पत्र में बताया गया है कि नगर पंचायत के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी द्वारा गलत तरीके से प्रस्ताव पासकर नियम विरुद्ध भुगतान कर रहे हैं। जिससे प्रतिमाह नगर पंचायत को हजारों रुपए का चूना लग रहा है। बताया गया है कि बगैर लॉन्ग बुक के अध्यक्ष और सपा नेताओं की गाड़ियों में डीजल डलवाया जाता है और फर्जी तरीके से इसका हर माह भुगतान भी किया जाता है। आरोप लगायाकि कार्यालय के अधिकांश दस्तावेज व फाइलें व रजिस्टर लिपिक ने गायब कर दी हैं। साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष पुत्र हरिश्चंद्र सोनकर दस्तावेज अपने पास रख लिए गए हैं। सदस्यों द्वारा बार-बार मांगने पर दिखाए नही जाते। अध्यक्ष के पुत्र द्वारा अपने साथियों के साथ बैठकर बोर्ड के कई प्रस्ताव पास कर लिए गए हैं। अब इन प्रस्तावों को अमली जामा पहनाने के लिए अध्यक्ष के गुर्गे सदस्यों के घर-घर जाकर रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षर बनाने का दबाव बना रहे हैं। आरोप लगाया है कि आउटसोर्सिंग की टेंडर प्रक्रिया उनके द्वारा रुकवा दी गई थी, इसके बाद भी गलत तरीके से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर मनमाफिक कार्यदाई संस्था को काम दिया जा रहा हैं। विकास कार्यों सहित पूरे मामले की जांच जिला स्तरीय अधिकारी से कराने की मांग की है।



ज्ञापन सौंपते नगर पंचायत सदस्य। अमृत विचार

# सौरा गांव में हुई किसान की हत्या का पुलिस ने किया पर्दाफाश

पनवाड़ी महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस ने बीते दिनों सौरा गांव में फसल रखवाली के दौरान किसान की हत्या का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपित आपस में पति पत्नी हैं, जो मृतक हकीम सिंह के साथ साझेदारी में जमीन लेकर खेतीबाड़ी करते थे। कातिलों की निशानदेही पर कत्ल में उपयोग की गई कुल्हाड़ी बरामद की गई है।

महोबकंठ थाना प्रभारी राधेश्याम वर्मा ने बताया कि 24 फरवरी की रात 40 वर्षीय हाकिम सिंह पुत्र मेहरबान सिंह की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद मृतक की पत्नी की तहरीर पर हत्या का मकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर घटना के अनावरण हेतु गठित टीमों ने महत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया। विवेचना के दौरान सुरागरसी की गई। जिसमें ज्ञात हुआ कि ग्राम सौरा निवासी अजुद्दी पुत्र स्व. धन्नी रैकवार व उसकी पत्नी सोमा रैकवार ने मिलकर ही हत्या की घटना को अंजाम दिया है।

बताया कि अजुद्धी और मृतक हाकिम सिंह सम्मिलित रूप से कृषि कार्य करते थे। इस दौरान हाकिम सिंह की नजदीकियां अजुद्धि की पत्नी सीमा से बढ़ गई। अजुद्धी की गैर मौजूदगी में हकीम ने कई बार सीमा से अवैध सम्बन्ध बनाए और मुंह खोलने पर बदनाम करने की धमकी देने लगा। परेशान होकर दोनो ने एक राय होकर सो रहे हाकिम सिंह के सिर पर कुल्हाड़ी से कई ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी थी, अभियुक्त की निशानदेही पर आला कत्ल एक अदद कुल्हाड़ी बरामद की गयी ।



पुलिस के साथ अभियुक्त पति-पत्नी। अमृत विचार

## आंधी से टूटे विद्युत पोल दस दिनों से नलकूपों की बिजली गुल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पारा रैपुरा सबस्टेशन से पंधरी, पचखुरा खुर्द, भौनिया आदि गांवों की ओर आई बिजली लाइन के आधा सैकड़ा विद्युत खंभे टूटे पड़े हैं। 10 दिनों से निजी नलकूपों को बिजली नहीं है।

पिछले 20 फरवरी को आई आंधी पानी से ध्वस्त इस लाइन से जुड़े 25 से ज्यादा निजी व सरकारी नलकूप ठप हैं। इससे किसान परेशान हैं। दस दिन गुजर जाने के बाद विद्युत विभाग ने मरम्मत का कार्य नहीं शुरू कराया है। आंधी पानी के साथ ओलावृष्टि ने जमकर कहर बरपाया था। किसानों के साथ विद्युत विभाग को करोड़ों की चपत लगी है। आंधी से मुंडेरा मार्ग किनारे पंधरी से लेकर भौनिया मोड़ तक करीब आधा सैकड़ा विद्युत पोल पूरी तरह से ध्वस्त थे। पचखुरा खुर्द, पंधरी भौनिया आदि गांव के नलकूप प्रभावित हुए है। पंधरी के किसान नरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, श्यामसुंदर सिंह, राकेश सिंह, इंद्रमणि यादव, मानसिंह, स्वामीदीन परेशान हैं।

# बैंक की आर्थिक स्थिति की मजबूती को मंथन किया

संवाददाता, बांदा

- प्रबंध समिति के साथ बैठक कर चेयरमैन ने की तीन वर्षों के कार्यों की समीक्षा

**अमृत विचार:** नाबार्ड लखनऊ की ओर से 12 से 27 फरवरी तक किए गए निरीक्षण के दौरान जिला को-ऑपरेटिव बैंक की प्रगति अच्छी होने पर संतोष व्यक्त किया गया। अब प्रबंध समिति की बैठक में चेयरमैन ने बैंक की तीन वर्षों की प्रगति की समीक्षा की। चेयरमैन ने प्रबंध समिति सदस्यों से सुझाव मांगकर बैंक की आर्थिक स्थित मजबूत करने की मंथन किया।

जिला कोआपरेटिव बैंक में गुरुवार को प्रबंध समिति की बैठक में चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि और विकास बैंक (नाबार्ड) लखनऊ ने 12 से 27 फरवरी तक बैंक का 23वां निरीक्षण किया। इसमें संतोषजनक स्थिति मिली। उन्होंने प्रबंध समिति सदस्यों के साथ बैंक के विकास को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने बैंक के पिछले तीन वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन किया। बताया कि 31 मार्च 2023 को बैंक की आर्थिक स्थिति पर अच्छी प्रगति हुई है, जो संतोषजनक है। बैंक को सशक्त बनाने के लिए प्रबंध समिति सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। चेयरमैन ने सुझावों पर अमल करने का भरोसा दिया। नाबार्ड जिला प्रबंधक संदीप कुमार ने भी अपने सुझाव रखे। चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने नाबार्ड के अधिकारियों को निरीक्षण के समय बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों को बैंक हित में करने के सुझावों की सराहना की। बैंक प्रबंध समिति की ओर से बैंक को आर्थिक रूप से मजबूत बनाए जाने तथा बैंक ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं दिलाने का भरोसा दिया। उप सभापति मधुरेंद्र प्रताप सिंह, संचालक सुशील द्विवेदी, राजभूषण द्विवेदी, चक्रपाणि अवस्थी, ओमप्रकाश कुशवाहा रहे।



अनशनकारियों से बातचीत करते हुए उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र। अमृत विचार

## अनशनकारियों से मिले उपजिलाधिकारी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** चौथे दिन भी सड़क निर्माण को लेकर क्रमिक अनशन जारी रहा। अनशनकारियों ने खून से पत्र लिखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र को सौंपा और जल्द ही सड़क निर्माण को लेकर पूर्ण समाधान की मांग की है।

गुरुवार को अनशन में सुबह से ही भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे जिसको देखते हुए अनशन स्थल में उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र दल बल के साथ अनशन स्थल पहुंचे और अनशनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन अनशनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पूर्ण समाधान के सिवाय कोई आश्वासन नहीं चाहिए। क्योंकि 2019 के बाद से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। गुरुवार को अनशन में बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी एवं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सलीम अहमद भी सम्मिलित हुए और समर्थन दिया। सेना के जिलाध्यक्ष देव यादव ने बताया कि प्रशासन सिर्फ अनशन खत्म करने की बात कर रहे हैं, लेकिन समाधान की बात कोई नहीं कर रहा। अंकुश यादव, बब्लू यादव, संतु वर्मा, चंद्रभान रहे।

**खुशखबरी** एनएचएआई की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने दी हरी झंडी, चार माह पहले बंद किया था

# बेंदाघाट पुल पर दौड़ सकेंगे भारी वाहन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे स्थित बेंदाघाट यमुना पुल मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की रिपोर्ट मिलने के बाद भारी वाहनों के गुजरने की अनुमति दे दी। करीब चार माह पूर्व पुल क्षतिग्रस्त होने पर पुल से सभी प्रकार के वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब से मरम्मत कार्य चल रहा था। वाहनों को बबेरू व औगासी के रास्ते लगभग 21 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर फतेहपुर व रायबरेली आना-जाना पड़ रहा था।

बांदा-टांडा नेशनल हाईवे से कानपुर व लखनऊ जाने के लिए ट्रक से लेकर बस अन्य वाहन रातों दिन गुजरते हैं। अगस्त माह में पुल की बीम में दरार आने से इसमें हादसे की आशंका बढ़ गई थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, रायबरेली के अधिकारियों ने पुल की जांच की तो जिलाधिकारी से तत्काल छोटे बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने का अनुरोध किया। डीएम ने अक्टूबर माह में बेंदाघाट पुल से आवागमन पर तत्काल रोक लगा दी। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम पुल का मरम्मत कार्य कर रही थी। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग संख्या- 232 (रायबरेली-बांदा खंड) में फतेहपुर व बांदा के मध्य यमुना नदी में स्थित पुल की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है। 16 फरवरी को फतेहपुर व बांदा के मध्य स्थित यमुना नदी बेंदाघाट पुल से हल्के वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया गया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, रायबरेली के परियोजना निदेशक ने बुधवार को पत्र के माध्यम से डीएम को अवगत कराया कि बेंदाघाट स्थित यमुना पुल को गुरुवार से सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोला जा सकता है। यह भी अनुरोध किया है कि भविष्य में इस पुल पर ओवरलोडेड व ओवर साइज वाहनों का आवागमन न हो। अन्यथा खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता। डीएम ने कहा है कि फतेहपुर व बांदा के मध्य यमुना नदी में स्थित बेंदाघाट पुल से गुजरने वाले सभी प्रकार के वाहनों का (ओवरलोडेड छोड़कर) आवागमन बहाल किया जाता है। उधर, इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बहाल होने पर कारोबारियों को सबसे बड़ी राहत मिलेगी। इसी रास्ते कानपुर से सब्जी और अन्य सामग्री आती है। वाहनों को बबेरू-औगासी के रास्ते लगभग 21 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर फतेहपुर व रायबरेली आना-जाना पड़ रहा था। पुल से संचालन शुरू होने के बाद जनपद के लोगों ने राहत की सांस ली है।



बेंदाघाट पुल से गुजरते भारी वाहन। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते डीएम। अमृत विचार

### 213 निपुण विद्यालय के शिक्षकों को डीएम ने किया सम्मानित

**महोबा।** निपुण विद्यालय सम्मान समारोह में निपुण विद्यालय के 213 विद्यालयों के शिक्षकों को गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी के हाथों सम्मान पाकर शिक्षक और एआरपी फूले नहीं समाये। इस मौके पर अधिकारियों शिक्षकों की भारी भीड़ जमा रही। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी कबरई अवनीश यादव, समस्त जिला समन्वयक गुणवत्ता एवं 213 निपुण विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा निपुण विद्यालय का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । इस दौरान उन शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिन विद्यालयों के बच्चे बुनियादी भाषा एवं गणित के लक्ष्यों को प्राप्त कर रहे हैं। जिन्हें डायट चरखारी द्वारा निपुण लक्ष्य अप के माध्यम से आकलन करने पर निपुण पाया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किए गए थे जिनमें बच्चों के निपुण लक्ष्य एप एवं शिक्षकों के सराहनीय प्रयास से बच्चे निपुण घोषित हुए, जिसमें ए .आर .पी . द्वारा गोद लिए विद्यालय एवं संकुल शिक्षक का विद्यालय, ए .आर .जी . का विद्यालय निपुण घोषित किया गया।



नगरपालिका अध्यक्ष को ज्ञापन देते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

### ईपीएफ निकालने में आ रही बाधा दूर करने की मांग

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर पालिका में लंबे समय से सफाई कर्मचारियों को ईपीएफ की जानकारी देने के साथ ही निकालने में आने वाली बाधाओं को दूर करने की मांग को लेकर संघ ने अध्यक्ष को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी को संबोधित ज्ञापन पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद को सौंपा। सफाई कर्मचारियों ने मांग की है कि उनके वेतन से प्रतिमाह ईपीएफ कटता है, लेकिन करीब सात महीने में ही एक बार ईपीएफ जमा होने का मैसेज आया है। साथ ही ईपीएफ की निकासी नहीं हो पाती है। इसके चलते उन्हें आवश्यक कार्य जैसे बच्चों की शादी विवाह, पढ़ाई आदि में दिक्कत आती है। सभी सफाई कर्मचारियों ने उनके ईपीएफ की जानकारी और निकासी की मांग की है।

### बकरी चराने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**मौदहा।** बकरी चराने के विवाद को लेकर हुए झगड़े में कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। कस्बे के राठ तिराहा निवासी छिद्दी पत्नी अमर चंद्र ने तहरीर में बताया कि पड़ोसी श्यामलाल के यहां उसकी बकरी चली गई। इससे आक्रोशित होकर मारपीट करने लगा। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि रामू, श्यामलाल के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की जा रही है।

### व्यापारी बंधुओं की बैठक में व्यापारियों ने उठाई समस्याएं

**राठ(हमीरपुर)।** व्यापारी बंधु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष ने आगामी समय में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर गल्ला मंडियों का अधिग्रहण न करने की मांग की। बताया कि गल्ला मंडियां बंद होने से किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता है। किसान अपना उत्पाद औने पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होते हैं। उन्होंने इस दौरान महाविद्यालयों को अधिग्रहण करने की मांग की। इसके अलावा जिलाध्यक्ष ने राठ कस्बे में जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों से एक टाइम ही नलों में पानी आ रहा है। व्यापार कर कार्यालय द्वारा व्यापारियों को मनमाने तरीके से आरसी भेजी जा रही है। विभाग द्वारा कोई आदेश तामील नहीं कराए गए। कई मामलों में आरसी जमा हो गई है। परंतु विभाग ने पुन: भेज दी। व्यापारियों को जारी की गई आरसी वापस लेने की मांग की। इस दौरान बैठक अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गुरुवार सुबह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . गीतम सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्था को परखा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद व्यवस्था को देखकर उन्होंने संतुष्टि जाहिर की। सीएमओ डा .गीतम सिंह ने बताया कि सीएचसी की व्यवस्थाएं दुरस्त पाईं गई हैं। सके अलावा उन्होंने कार्यविधियों, अभिलेखों तथा दवा स्टोर के अलावा साफ सफाई का निरीक्षण किया है। बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्हें काफी हद तक व्यवस्थाएं बेहतर नजर आई हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी के सवाल पर उन्होंने बताया कि कल एक मार्च से एक नए संविदा चिकित्सक की तैनाती यहां की जा रही है।



सरीला कस्बे में निकली शोभायात्रा में शामिल महिलाएं व युवतियां। अमृत विचार

### भव्य शोभायात्रा के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव का हुआ आगाज

**सरीला (हमीरपुर)।** श्रीमद् भागवत पुराण की गाजे- बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा नेस्ले मार्केट से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए पुन: नेस्ले मार्केट में आकर समाप्त हुई। प्रथम दिन की कथा में श्रीमद् भागवत की महिमा का वर्णन किया गया। साथ ही महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज हो गया। जो आठ मार्च तक चलेगा। रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्रीमद् भागवत पुराण की कलश यात्रा के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज हो गया। कलश यात्रा नेस्ले मार्केट से शुरू होकर भ्रमण करते हुए पुन: नेस्ले मार्केट में आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में घोड़े बैंड बाजे के साथ ही भारी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं कलश लेकर चल रही थी तथा नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी, शिवेन्द्र द्विवेदी, रामस्वरूप राजपूत, दिनेश त्रिपाठी, चरन सिंह यादव, रमेश पासवान, देवेन्द्र त्रिपाठी, अनिल कुमार, अवधेश कुमार सहित भारी संख्या महिला पुरुष शामिल रहे हैं। महाशिवरात्रि महोत्सव आठ मार्च तक चलेगा। जिसमें रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आठ मार्च को दिन में शिव जी की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा भंडारा आयोजित होगा।

# असलहा बनाने की फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़

## डकोर पुलिस ,एसओजी तथा सर्विलांस की संयुक्त टीम को मिली सफलता, निर्मित व अर्ध-निर्मित अवैध असलहा बरामद

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** थाना डकोर पुलिस एवं एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध असलाह बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड कर एक शातिर अभियुक्त को भारी मात्रा में निर्मित व अर्ध-निर्मित अवैध असलहा व असलहा बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया।

थाना डकोर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 29 फरवरी को ग्राम डकोर के पास लाही के खेत से 01 अभियुक्त ग्यासी लाल पुत्र मोती लाल निवासी कोंच को तमंचा बनाते हुये गिरफ्तार किया गया एवं उसके कब्जे से भारी मात्रा में निर्मित व अर्ध-निर्मित अवैध हथियार व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये है। जिसके सम्बन्ध में थाना डकोर में आयुद्ध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है।



अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा करते एएसपी असीम चौधरी। अमृत विचार

**अवैध लकड़ी समेत दो गिरफ्तारः माधौगढ ,जालौन।** पंचनद क्षेत्र से लकड़ी लादकर औरैया की ओर जा रही लोडर सहित दो युवकों को रामपुरा पुलिस की मदद से वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है।

रामपुरा थाना अंतर्गत पंचनद कंजौसा की ओर से जलाऊ लकड़ी लादकर जगमनपुर होते हुए औरैया की ओर जा रही लोडर UP 75 BT 1615 को वन विभाग के दरोगा एवं फॉरेस्ट गार्ड के साथ जगम्मनपुर चौकी पुलिस ने पकड़ कर दो युवकों को हिरासत में लिया है । बताया जाता है कि वन विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से रामपुरा क्षेत्र में लकड़ी कटान का अवैध व्यापार फल फूल रहा है । वन विभाग अधिकारियों को किसी

- अवैध हथियार व शस्त्र बनाने के उपकरण भी बरामद किये गये

के द्वारा सूचना मिली कि पंचनद कंजौसा की ओर से जलाऊ लकड़ी (विलायती बबूल) से भरी लोडर जगमनपुर की ओर आ रही है। वन दरोगा अमित कुमार ने जगमनपुर पुलिस चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह से सहायता मांगते हुए लकड़ी से भारी लोडर पकड़ने का अनुरोध किया । जगमनपुर चौकी पुलिस ने त्वरित गति से जुहीखा पुल के पहले लकडी से भरी उक्त लोडर को पकड़ कर दो लोगों को हिरासत में लेकर वन विभाग के दरोगा एवं फॉरेस्ट गार्ड को सौंप दिया । वन दरोगा अमित कुमार सिंह एवं वन विभाग के सिपाहियों ने लकड़ी से भारी लोडर व पकड़े गए दोनों युवकों को अपने कब्जे में ले आवश्यक कार्यवाही हेतु क्षेत्रीय कार्यालय बंगरा लेकर चले गए।



नकली कैस्ट्रोल के साथ गिरफ्तार युवक।

### 101 डिब्बे नकली कैस्ट्रोल बरामद किये गये

**उरई।** लाल सिंह की निशान देही पर पुलिस ने बिट्टू कार केयर एंड स्पेयर पाट्र्स में छापा मार कर मोहित पुत्र राजा बेटा को इंडिया कैस्ट्रोल के नाम से नकली कैस्ट्रोल बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नकली कैस्ट्रोल आयल के 101 डिब्बे भरे और कई दर्जन खाली डिब्बे बरामद किए। पुलिस ने मैनेजर लाल सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुलिस ने चाकू समेत दो को दबोचा

**कालपी।** कालपी कोतवाली पुलिस के हाथों दो सफलता लगी है पुलिस ने दो आरोपी अलग-अलग स्थानों पर चाकू समेत गिरफ्तार किये हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक ईराज राजा के निर्देश पर कोतवाली कालपी के प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के नेतृत्व में टंरननगज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह सूचना पर मां वनखण्डी देवी मन्दिर की तरफ जाने वाले गेट चौराहे में कागजीपुरा निवासी आमिर पुत्र जब्बार को घेरकर गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। वहीं दूसरी ओर रामगंज चौकी इंचार्ज ने पुलिस बल के साथ गुरुवार की सुबह महमूदपुरा निवासी राजकुमार पुत्र महेन्द्र निषाद को सदिंग्ध हालत में गिरफ्तार किया जिसके पास से चाकू बरामद हुई पकड़े गये दोनों लोग किसी अप्रिय घटना को करने की फिराक में थे। कालपी पुलिस ने पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ धारा 4/25 के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की है।

### अपराध करने के उद्देश्य से घूम रहा व्यक्ति धरा गया

**कालपी।** आपराधिक घटना करने के उद्देश्य से घूम रहे एक व्यक्ति को नाजायज चाकू समेत स्थानीय कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस को कालपी नगर के यमुना नदी के किनारे पीला घाट में संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति के घूमने की खबर मिली। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के निर्देश पर रामगंज चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार तथा सब इंस्पेक्टर मोहम्मद वसीम की पुलिस टीम ने घेराबंदी करके पीला घाट से आरोपी युवक राजकुमार पुत्र महेंद्र निवासी मोहल्ला महमूद पूरा कस्बा कालपी को पकड़ लिया, पकड़े गए व्यक्ति के पास से एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया पुलिस ने धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी युवक किसी अप्रिय घटना को घटित करने के उद्देश्य से घूम रहा था इसी दौरान वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

## सार-संक्षेप



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र देते अधिकारी। अमृत विचार

### सीएम ने 34 आंगनबाड़ी भवनों का किया वर्चुअल शिलान्यास

**उरई।** मुख्यमंत्री ने लोक भवन लखनऊ से जालौन की 36आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित साथ ही 34 आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास किया इसके अलावा उरई के साइबर थाना व डकोर थाना की काबुलपुरा चौकी का वर्चुअली उद्घाटन भी किया। विकास भवन सभागार में जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, माधोगढ़ विधायक मूल चंद निरंजन, सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री भानू प्रताप वर्मा के प्रतिनिधि रविकांत दुबे और उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन ने सजीव आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र सौंपे ।



कार्यक्रम में मौजूद भाजयुमो कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजयुमो ने लगाया युवा चौपाल

**आटा, जालौन।** इटौरा में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवा चौपाल का आयोजन किया गया। यहां पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने को कहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला मंत्री / जिला प्रभारी युवा मोर्चा नीरज दुबे , राघवेन्द्र कुशवाहा मंडल अध्यक्ष भाजपा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा विनय राठौड़, मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा श्याम जी गुप्ता, शैलेंद्र सिंह( एडवोकेट ) शोभित ठाकुर, दीपक , एवं समस्त युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नेता पर मुकदमा दर्ज होने से भड़के कांग्रेसी

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** कांग्रेस जनों ने बताया कि 24 फरवरी 2024 को संत रविदास जी कि जयंती के अवसर पर जनपद झांसी में अहिरवार सभा द्वारा जुलूस निकाला गया जिसका समापन समाज के करीब सौ वर्ष पुराने संत बगिया बड़गांव गेट के बाहर मेनचौराहा के पास स्थित मन्दिर पर हुआ।

इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा संत रविदास जी एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिभाए स्थापित करने का प्रयास किया गया। प्रशासन द्वारा स्थान को विवादित बताते हुए उन्हें प्रतिमाएं स्थापित करने से रोक दिया और प्रशासन और श्रद्धालुओं में कई घंटों की वार्ता के बाद दोनों पक्षों को समझाकर प्रतिमाएं विवादित स्थान से हटाकर वापस भेज दी गई। तीन दिन के बाद सत्ता के दबाव में पुलिस द्वारा इस आयोजन में सम्मलित होने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री काग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन आदित्य व समाजवादी पार्टी के नेता डॉ. रघुवीर चौधरी अहिरवार समाज के उमाशंकर अहिरवार एडवोकेट समेत सात लोगों के नाम संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। कांग्रेस नेताओं ने झांसी में कांग्रेस नेताओं के नाम दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की। साथ ही कहा कि अन्यथा की स्थिति जन आन्दोलन किया जायेगा।



कलेक्ट्रेट पहुंच कर नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

# अग्निशमन केंद्रों का हुआ लोकार्पण

**जालौन माधौगढ़ ।** अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वर्चुअली किया तो माधौगढ़ में विधायक मूलचन्द्र निरंजन और पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने नवीन भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया।

अग्निशमन के नए भवन में भव्य तरीके से लोकार्पण कार्यक्रम को आयोजित किया गया। पूरे प्रदेश के 38 केंद्रों में माधौगढ़ तहसील में भी बहुप्रतीक्षित अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण विधायक मूलचंद निरंजन के प्रयासों से संभव हो सका। विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि क्षेत्र किसानों से जुड़ा होने से महत्वपूर्ण था लेकिन अग्निशमन केंद्र न होने से किसानों की हजारों एकड़ फ़सल जल जाती थी जिससे अब निजात मिलेगी।

# कार्यकर्ता घर-घर जाकर बाटें पत्रक

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कालपी नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव के द्वारा समस्त 44 बूथ अध्यक्षों , प्रभारियों तथा प्रवासियों के साथ वर्चुअल मीटिंग करके लाभार्थी संकल्प कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया ।

इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं से घर घर जाकर पत्रक बांटकर सरकार की उपलब्धियां आम जन को बतलाने का आह्वान किया। नगर स्तरीय कार्यकर्ताओं की वर्चुअल मीटिंग में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव ने बताया कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकारों को द्वारा गरीबों, पिछड़ों तथा समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को घर घर जाकर पत्रक बांटकर बताने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से जुटना है। पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक वाजपेई, नवीन गुप्ता, अरविंद राठौर मंयक श्रीवास वंदना गुप्ता, हेमंत साहू, कमल सोनी, अमित पांडेय, ऋषि चौहान, राम सिंह सलोनिया, शैलेन्द्र कुमार प्रजापति, श्री कृष्ण गौतम, राजन सिंह चौहान आदि ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी लगन तथा मेहनत से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचायें। वृहमा सिंह यादव, ज्योति विश्वकर्मा, शर्मा, बाबू सिंह यादव, राजेश द्विवेदी रहे।



वर्चुअल मीटिंग में शामिल भाजपाई। अमृत विचार

# एसडीएम को नगर पालिका ईओ का अतिरिक्त प्रभार

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** विगत एक माह से रिक्त चल रहे नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के पद के लिए जिला प्रशासन के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है। अब प्रभारी अधिशासी अधिकारी का पद उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को सौंपा गया है। इस व्यवस्था से पालिका के शासकीय एवं विकास कार्यों में गतिशीलता आ आएगी।

विदित हो कि 30 जनवरी 2024 को नगर पालिका परिषद के तत्कालीन अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव को शासन के द्वारा निलंबन की कार्रवाई करके जिला मुख्यालय में अटैच कर दिया गया था। बीते एक महीने से अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था। जिससे वेतन बिल तैयार न होने से कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही थी और विकास तथा निर्माण कार्यों का भुगतान भी रुका हुआ था। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को पालिका के अधिशासी अधिकारी का प्रभारी नियुक्त किया है, जिससे अब पालिका के शासकीय कार्यों में तेजी आएगी।



एसडीएम हेमंत पटेल। अमृत विचार

# नाले में डूबने से आठ वर्षीय बालक की मौत

**उरई।** ब्यासपुरा निवासी श्रीराम कुशवाहा पने आठ साल के अपने बच्चे के साथ खेतों पर काम करने गए थे। वापसी में उनका बेटा हर्ष उनके पीछे चल रहा था। गांव के किनारे बह रहे मलंगा नाला के किनारे चलते समय पिता श्रीराम आगे निकल गया तभी पीछे आ रहे हर्ष का पैर फिसल गया और वह नाले में डूब गया। डूबते हुए हर्ष के चिल्लाने की आवाज सुनकर पिता श्रीराम ने बचाने की कोशिश की और डूबते हुए हर्ष को बाहर निकाला। पानी से बाहर निकालने पहले ही हर्ष की मौत हो गई। सूचना सुनते ही परिजन और ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गये। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

# सेवानिवृत्त होमगार्डों को दी गई विदाई



सेवानिवृत्त होमगार्डों को विदाई देते अधिकारी व अन्य साथी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** विकास भवन रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सेवानिवृत्त होमगार्ड जवानों में बृजराज सिंह डकोर तथा सुरेंद्र सिंह कंपनी महेवा का विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर जिला होमगार्ड कमांडेंट बृजराज सिंह ने विदाई समारोह के मौके पर कहा कि जो होमगार्ड जवान सेवानिवृत्त हो रहे उनके कार्यों को हमेशा याद किया जायेगा। आज विभाग के जवान सेवा को पूरा कर रहे है। उन्होंने कहा कि बेहतर तरीक़े से कार्य करें जिससे समाज में अच्छा संदेश जा सके। बीओ दिनेश सचान, बीओ धर्मेन्द्र अवस्थी, परवेज बाबू, चंद्रशेखर कंपनी कमांडर नगर उरई, महेश कंपनी कमांडर डकोर, होमगार्ड जवानों में प्रमुख रूप से आदित्य श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव, आनंद स्वरूप, धर्मेंद्र कुमार पीसी, कंचन सिंह पीसी डकोर, राजेश कुमार होमगार्ड, हरदयाल, बृजमोहन, भागीरथ, शिवशंकर, राजेश कुमार, रामदत्त तिवारी, मथुरा प्रसाद, अमर सिंह, होमगार्ड रामानंद पाल, होमगार्ड जेपी सिंह सहित दर्जनों होमगार्ड जवान विदाई समारोह के मौके पर मौजूद रहे।

- सेवानिवृत्त जवानों को जिला कमांडेंट ने गीता, माला, अंगवस्त्र और कपड़े भेंट किये

# पुलिस अधीक्षक ने किया माधौगढ़ थाने का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक ईराज राजा ने जनपद की बीहड़ में स्थित माधौगढ़ थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर, थाना कार्यालय, सीसी टीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प-डेस्क के अलावा साइबर हेल्प-डेस्क साथ ही हवालात आदि का निरीक्षण किया तथा थाना के अभिलेखों का अवलोकन कर सभी प्रविष्टियों को अद्यावधिक करने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

- थाना के अभिलेखों का अवलोकन करके दिये दिशा निर्देश



रजिस्टर चेक करते पुलिस अधीक्षक ईराज राजा। अमृत विचार

पहल | जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के निर्देश पर शिविर लगाकर दी विधिक साक्षरता

# जिला कारागार में बंदियों को बताये उनके अधिकार

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के निर्देशानुसार सचिव, अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत द्वारा आज 29 फरवरी 2024 को जिला कारागार उरई में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपस्थित सिद्धदोष, विचाराधीन बन्दियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये सचिव, अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत ने प्ली-बार्गेनिंग स्कीम, समय पूर्व रिहाई और बन्दियों के अधिकारों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई विचाराधीन बन्दी अधिकतम 07 वर्ष तक की सजा के मामलों में विचाराधीन है, तो जिन्होंने सजा के तौर पर कुछ अवधि जेल में बिता ली हो, वह पीड़ित पक्ष से समझौता कर उसे उचित मुवायजा देकर अपनी सजा न्यायालय से कम करा सकते है, लेकिन इस योजना का लाभ उनको नहीं मिलेगा जिन्होंने देश के विरुद्ध, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अथवा आर्थिक अपराध किया हो।

इस कार्यक्रम के उपरांत विचाराधीन बन्दियों की समस्याओं के निराकरण हेतु और उनको विधिक सहायता पहुंचाने के लिये सचिव, अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महेन्द्र कुमार रावत ने जिला कारागार उरई की सभी बैरिकों का निरीक्षण किया। वहां निरुद्ध विचाराधीन बन्दियों से वार्ता की और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु एवं पर्याप्त साफ-सफाई हेतु जिला कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल वर्मन, उपकारापाल तारकेश्वर सिंह एवं अमर सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कनिष्ठ लिपिक शुभम् शुक्ला समेत सिद्धदोष/ विचाराधीन बन्दी उपस्थित रहे।



जिला कारागार में मौजूद अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

- कारागार की सभी बैरिकों का किया निरीक्षण
- साफ-सफाई हेतु जिला कारागार को दिशा-निर्देश

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

**उरई(जालौन)।** राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन)प्रथम दल ने बताया कि ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत प्रवर्तन दल जालौन द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों पर सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के नियमों व सड़क पर लगे यातायात संकेतों के प्रति जागरुक किया गया और जो भी व्यक्ति मार्ग पर सड़क सुरक्षा नियमों व अन्य अभियोगों का उल्लंघन करते हुए पाए गए ऐसे 2046 वाहनों के विरुद्ध चालान व 179 वाहनों के विरुद्ध निरुद्ध की कार्यवाही की गयी।

दिनांक 01 फरवरी, 2024 से 26 फरवरी, 2024 तक जनपद जालौन के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा 2046 वाहनों के विरुद्ध चालान व 179 वाहनों के विरुद्ध निरुद्ध की कार्यवाही कर रुपये 130.16 करोड़ राजस्व जमा कराया गया।

# मृत्युंजय अध्यक्ष व प्रेम बने सचिव

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन का सत्र 2024-25 के लिए निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। मृत्युंजय श्रीवास्तव को अध्यक्ष, प्रेम कुमार गुप्ता को सचिव, अरविंद श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष तथा श्रीमती ऊषा गुप्ता को महिला संयोजिका सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया।

उपरोक्त निर्वाचन प्रांत द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी अजय महतेले एवं रितेश तरसौलिया की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में वर्तमान अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि गठन के समय से ही परिषद की प्रमुख शाखा परिषद की रीति व नीति के अनुसार संपर्क, सेवा ,संस्कार, सहयोग ,समर्पण के कार्य कर रही है। भारत विकास परिषद के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश अनुसार भारत को जानो, समूह गान ,गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन, राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह आदि कार्यक्रम समय-समय पर पूर्ण मनोयोग व गरिमा के साथ आयोजित किए गए हैं। विगत वर्ष में आठ निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर व विभिन्न सामाजिक समारोहों, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, स्थापना दिवस में सक्रिय सहभागिता रही है। अपने उद्बोधन में चुनाव अधिकारी व पूर्व महासचिव अजय महतेले ने कहा की प्रमुख शाखा प्रांत की अग्रणी शाखों में है। पूर्ण लोकतांत्रिक वातावरण में नवनिर्वाचित दायित्वधारी परिषद के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे । सहचुनाव अधिकारी रितेश तरसोलिया ने कहा कि प्रमुख शाखा परिषद के निर्धारित मानदण्डों के अनुसार समाज के लिए प्रेरणादायी कार्य कर रही है।




नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते साथी। अमृत विचार

- विकास परिषद जालौन शाखा का चुनाव संपन्न

